उज्जैन
शनिवार
10
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-337
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 आईडीए सीईओ के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला दहन किया

7 भारत एक साल में 300 छक्के लगाने वाली पहली टीम



मिटू आंदोलन के बाद नर्क बन गई जिंदगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

नाना पाटेकर के निधन के बाद एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने शुक्रवार को कहा कि #मिटू आंदोलन के बाद उनकी जिंदगी नर्क बन गई। नाना पाटेकर का गुरुवार को गोवा में कार्डियक अरेस्ट से निधन हुआ। दत्ता ने 2008 की फिल्म हॉर्न ओके प्लीज की शूटिंग के दौरान पाटेकर पर गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया था। पाटेकर ने इन आरोपों से इनकार किया था। दत्ता ने मिटू आंदोलन के दौरान अक्टूबर 2018 में फिर ये आरोप लगाए थे। इंस्टाग्राम पर शेयर किए वीडियो में दत्ता ने कहा कि मिटू आंदोलन के बाद उन्हें जान का खतरा रहा। उन्होंने कहा कि गुंडे हर जगह उनका पीछा करते थे। दत्ता ने कहा, लोग नहीं जानते कि मिटू आंदोलन के बाद मैं किस हालत में रही हूं। मैं हफ्ते में पांच दिन वर्कआउट करती थी और बिना डर दुनिया घूमती थी। उन्होंने कहा, मुझे कभी सुरक्षा की चिंता नहीं रही। कहीं भी आने-जाने में परेशानी नहीं होती थी। दत्ता ने बताया, मिटू के बाद मेरे साथ ऐसी घटनाएं हुईं, जिन्हें मैं इंस्टाग्राम पर भी नहीं बता सकती। आपका चेहरा शर्म से झुक जाएगा। उन्होंने कहा, लोग नहीं जानते कि मेरे साथ क्या-क्या हुआ है। 2024 में किसी ने मेरी कार के ब्रेक काट दिए थे।

देश

- **भारतीय सेना** सिलीगुड़ी 18 की जगह 3 घंटे में पहुंचेगी, डोकलाम विवाद के बाद 4 सुरक्षा-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स शुरू, 2029 में पूरे होंगे
- **उत्तराखंड** के कोटद्वार में गाड़ियां बहीं, हरिद्वार में ओले गिरे, लखनऊ में बाढ़, 40 हजार से ज्यादा घरों में पानी; बिहार के 6 जिलों में बारिश
- **आरएसएस** प्रमुख मोहन भागवत शनिवार से 2 दिन के ओडिशा दौरे पर रहेंगे। वे आज शाम 4 बजे संबलपुर पहुंचेंगे
- **बंगाल** के मुख्य सचिव का महुआ मोइत्रा को लीगल नोटिस, 10 करोड़ का मुआवजा मांगा, एसआईआर के दौरान लाखों वोटरों के नाम हटाने का आरोप
- **पुलिस-होमगार्ड** भर्ती की दौड़ में 20 दिन में 7 मौतें, दिल ने साथ छोड़ा या गर्मी ने जान ली

विदेश

- **अमेरिका** अब रूस से डीजल खरीदेगा, ट्रम्प बोले- इस डील से दुनिया में तेल की कीमतें घटेंगी, सितंबर में रूस पर बैन का कानून बनाया
- **अमेरिका** में पहली बार टीवी पर सजा-ए-मौत लाइव, 16 साल पहले जहां 13 लोगों की जान ली, दोषी को वहीं गोली मारी जाएगी
- **अमेरिका** ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर प्रतिबंध लगाए, रुबियो बोले- कोर्ट धमकी देना बंद करे, वरना खत्म कर देंगे, नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट से नाराज

व्यापार

- **जियो** के आईपीओ का प्राइस बैंड 1,065-1,119 हो सकता है, 30,200 करोड़ जुटाने का प्लान, ये देश का सबसे बड़ा आईपीओ होगा
- **सोना** आज 1,784 रुपए महंगा, डेढ़ लाख पहुंचा, चांदी 4 हजार चढ़कर 2.21 लाख पहुंची

कार्टून..



राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' की दक्षिण में एंट्रीः चेन्नई में छठवां कार्यक्रम

दक्षिण भारत में 15-29 साल के 7.5 करोड़ युवाओं पर फोकस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी आज चेन्नई में छात्रों की गूंज अभियान के छठे कार्यक्रम में छात्रों और युवाओं से संवाद करेंगे। कोटा, देहरादून, प्रयागराज, पुणे और इंदौर के बाद यह कार्यक्रम पहली बार दक्षिण भारत में हो रहा है। यूथ इन इंडिया 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण भारत में 15 से 29 साल के करीब 7.5 करोड़ युवा हैं। जिन पर राहुल का फोकस रहेगा। राहुल इस अभियान में शिक्षा, बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और युवाओं पर बढ़ते दबाव जैसे मुद्दे उठा रहे हैं। शाम 4:30 बजे शुरू होगा। इसमें शामिल होने के लिए क्यूआर कोड से रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले पांच कार्यक्रमों में करीब 1.54 लाख लोग शामिल हुए थे।



15-29 साल के 36.74 करोड़ युवा, यह आबादी का 26%- सभी राजनीतिक दल जेन जी और युवा वोटर्स तक पहुंच बढ़ा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2026 में देश में 15-29 साल की उम्र के करीब 36.74 करोड़ युवा हैं। यानी कुल आबादी का करीब 26% युवाओं की हिस्सेदारी है। 2029 के लोकसभा चुनाव में यही वोटर होंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान देश के कुल मतदाताओं में 18-29 साल के वोटरों की हिस्सेदारी 22.78% थी। यानी लगभग हर 4 में से एक वोटर जेन-जी है।

एक दिन बाद तमिलनाडु में ही पीएम मोदी का प्रोग्राम

राहुल का यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तमिलनाडु दौरे से एक दिन पहले हो रहा है। मोदी 11 अक्टूबर को तमिलनाडु जाएंगे। उनके कार्यक्रम में चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण के कॉरिडोर-4 का उद्घाटन भी शामिल है।

कांग्रेस के लिए क्यों अहम है यह कार्यक्रम?

तमिलनाडु में कांग्रेस 59 साल बाद सत्ता में भागीदार बनी है। मुख्यमंत्री थलपति विजय की अगुवाई वाली टीवीके सरकार में कांग्रेस के दो विधायक मंत्री हैं। इससे पहले कांग्रेस राज्य में डीएमके के साथ गठबंधन में थी, लेकिन 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद उसने डीएमके से अलग होकर टीवीके को समर्थन दिया। छात्रों की गूंज प्रोग्राम के बाद राहुल गांधी अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री विजय से भी मुलाकात कर सकते हैं।

सीजेपी का जंतर-मंतर पर हल्लाबोल

ध्रुव राठी को हिरासत में लिया

पुलिस ने अब तक 600 लोगों को हिरासत में लिया

45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए जबकि 10 डिटेंशन सेंटर बनाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर रोकने की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर और कनॉट प्लेस पर कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थक जुटने लगे हैं। पुलिस ने अब तक 600 लोगों को हिरासत में लिया है।

इन इलाकों से प्रदर्शनकारियों को हटाया जा रहा है। कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की जैसे हालात दिखे। उधर, दीपके मुंबई से दिल्ली रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा- ये ताकत नहीं, डर की निशानी है। इन इलाकों में 38 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, जिसमें बीएसएफ जवान भी शामिल हैं। नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन आने वाली 250 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें आज कैंसिल रहेंगी। 45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए हैं जबकि 10 डिटेंशन सेंटर बनाए गए हैं। वहीं, इंडिया गेट के आसपास 4 किमी के दायरे में शुक्रवार रात 10 बजे से आज रात 10 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा।

यूट्यूबर ध्रुव राठी को घर से हिरासत में लिया



दिल्ली पुलिस ने यूट्यूबर ध्रुव राठी को उनके गुरुग्राम स्थित घर से हिरासत में लिया है। सीजेपी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने आए ध्रुव राठी को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। दिल्ली पुलिस सुबह 7:48 बजे उनके घर में दाखिल हुई। दिल्ली पुलिस ने ध्रुव राठी को गुरुग्राम के सेक्टर 56 स्थित उनके घर से हिरासत में लिया। उनका परिवार गुरुग्राम के सेक्टर 56, सेंट्रल पार्क विहार में रहता है।

पुलिस बस में प्रदर्शनकारी बेहोश हुआ- दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित इंदिरा चौक पर शनिवार सुबह 6:30 बजे पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाया। कुछ छात्र पब्लिक टॉयलेट में छिपे थे। वहां से करीब 50 छात्रों को गाड़ी में बैठाकर ले जाया गया। छात्रों ने आरोप लगाया कि गाड़ी में दम घुटने से एक बच्चा बेहोश हो गया। इसके बाद छात्रों ने गाड़ी पीटनी शुरू कर दी। इंदिरा चौक पर अब तक 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। बताया गया कि बिना पहचान पत्र के पहुंच रहे लोगों को पुलिस हिरासत में ले रही है।

सोनम वांगचुक सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे- सोनम वांगचुक सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने पर बताया- मैं दिल्ली में आप सबके साथ नहीं जुड़ पाऊंगा। हम आने वाली सर्दियों के लिए तैयारियां कर रहे हैं। वे पानी की सुरक्षा के लिए कृत्रिम ग्लेशियर बनाना और ग्लेशियर झील में बाढ़ से सुरक्षा के लिए प्रयोग कर रहे हैं। इससे ऊंचे हिमालय में मौजूद 200 से ज्यादा 'टिकिंग वॉटर बॉम्ब' के खतरे को कम किया जा सकेगा। वांगचुक ने फैज साहब के लिखे शब्दों के माध्यम से कहा कि और भी गम हैं जमाने में सियासत के सिवा, राहतें और भी हैं वस्ल की राहत के सिवा।

चुनाव आयोग मुख्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई

चुनाव आयोग के मुख्यालय और जंतर-मंतर की ओर जाने वाले रास्तों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अशोक रोड पर बस खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया गया है। यहां बैरिकेडिंग की गई है और बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं।

आज शराब की दुकानें बंद, नमो भारत के 2 स्टेशन बंद

दिल्ली के आबकारी विभाग ने 9 और 10 अक्टूबर को रिटेल शराब की दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है। इसमें भारतीय, विदेशी और देशी शराब बेचने वाली निर्धारित दुकानें शामिल हैं। मॉल में स्थित कुछ शराब की दुकानें भी बंद रहेंगी। हालांकि, लाइसेंस प्राप्त रेस्टोरेंट, बार और क्लब में पहले की तरह शराब परोसी जा सकेगी। दिल्ली के सराय काले खां और न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन 9 अक्टूबर की रात 9 बजे से 10 अक्टूबर की रात 10 बजे तक बंद रहेंगे। इस दौरान आनंद विहार (दिल्ली) से मोदीनगर (उत्तर प्रदेश) के बीच नमो भारत ट्रेन सेवाएं निर्धारित समय के अनुसार चलती रहेंगी।

सीजेपी के प्रदर्शन से कांग्रेस दूर लेफ्ट और आप शामिल होंगे

कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में ईसी की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन बुलाया है। पार्टी ने सभी विपक्षी दलों को इसमें शामिल होने का न्योता दिया था। लेफ्ट और आप ने प्रदर्शन में शामिल होने का ऐलान किया है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने समर्थन दिया है, लेकिन उसके प्रदर्शन में शामिल होने पर शुक्रवार रात तक फैसला साफ नहीं था। कांग्रेस इस प्रदर्शन से दूरी बनाए हुए है। राहुल गांधी शनिवार को छात्रों की गूंज के अगले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चेन्नई में रहेंगे।

दिल्ली के कई इलाकों में लगा जाम, लोगों को हो रही परेशानी

दिल्ली जाने वाले वाहनों की चेकिंग सीजेपी के प्रदर्शन को देखते हुए यूपी गेट बॉर्डर पर गाजियाबाद से दिल्ली जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। उसके बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है।

सतर्क सुरक्षा व्यवस्था, लोग परेशान... दिल्ली के जंतर मंतर पर सीजेपी द्वारा प्रदर्शन के मद्देनजर पूरी दिल्ली एनसीआर की सुरक्षा बढ़ाई गई है जिसके अंतर्गत मध्य दिल्ली के पटेल नगर इलाके में पुलिस जांच करते दिखाई दी। बसों का इंतजार कर रहे यात्री मजबूरी में ऑटो चालकों के आगे मिन्नतें करते दिख रहे हैं।

नुकीली कीलों को बिछाने का भी इंतजाम

एहतियातन दिल्ली पुलिस के कैंप में नुकीली कीलों को बिछाने का भी इंतजाम किया गया है। अफसरा बॉर्डर पर पुलिस कर्मी नहीं है। सुबह तैनात थे अब कोई पुलिस कर्मचारी नहीं है।

दीपके मुंबई से दिल्ली रवाना, बोले- ये ताकत नहीं, डर की निशानी



अभिजीत दीपके बोले- गिरफ्तारी से नहीं डरता

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा ₹मैं सोचता हूं कि इस देश के प्रधानमंत्री देश के युवाओं और आम लोगों से इतना क्यों डर रहे हैं? सभी रेल सेवाएं बंद करने की क्या जरूरत थी? मेट्रो का संचालन रोकने की क्या जरूरत थी? इंटरनेट बंद कर दिया गया और सड़कों को रोक दिया गया। जम्मू-कश्मीर से सेना बुलाकर दिल्ली में तैनात कर दिया गया। नक्सल प्रभावित इलाकों से सीआरपीएफ के जवानों को बुलाकर दिल्ली में तैनात किया गया। क्या नरेंद्र मोदी और अमित शाह अपने ही देश के लोगों के खिलाफ युद्ध करना चाहते हैं? क्या ज्ञानेश कुमार उनके लिए इतने खास हैं कि वे अपने ही नागरिकों के खिलाफ पुलिस और सेना का इस्तेमाल कर रहे हैं? उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री मोदी डरे हुए हैं। उन्हें डर है कि इस सबके बाद देश के लोग उन्हें वोट नहीं देंगे। इसलिए सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए लोगों को ट्रेनों से उतारा जा रहा है। सोसायटियों में घोषणाएं की जा रही हैं कि लोग प्रदर्शन में शामिल न हों। दिल्ली पुलिस लोगों के घरों पर जाकर उन्हें प्रदर्शन में शामिल नहीं होने के लिए कह रही है। लेकिन हम प्रदर्शन क्यों न करें? विरोध करना हमारा मौलिक अधिकार है। जब उनसे पूछा गया कि दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर क्या उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, तो उन्होंने कहा कि अगर वे मुझे हिरासत में लेना या गिरफ्तार करना चाहते हैं, तो कर लें। मैं इसके लिए तैयार हूं। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे मुझे गिरफ्तार करते हैं या हिरासत में लेते हैं।

सर्वपितृ अमावस्या पर तर्पण-पिंडदान कर पितरों को दी विदाई

रामघाट, सिद्धवट और गया कोठा पर सुबह से उमड़े श्रद्धालु, शिप्रा में स्नान कर किया पितरों का तर्पण

कल से शारदीय नवरात्रि की शुरूआत, हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पितृ पक्ष के अंतिम दिन सर्वपितृ अमावस्या पर शनिवार को धर्मनगरी उज्जैन में श्रद्धा और आस्था का वातावरण रहा। सुबह से ही रामघाट, सिद्धवट और गया कोठा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पितरों के निमित्त तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म कराने वालों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पवित्र शिप्रा नदी में स्नान कर विधि-विधान से पितरों का तर्पण किया तथा उनकी आत्मा की शांति और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसी के साथ पितृ पक्ष का समापन हुआ और श्रद्धालुओं ने अपने पितरों को भावपूर्ण विदाई दी। रविवार से शारदीय नवरात्रि की शुरूआत होगी। इसके लिए शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं।

सर्वपितृ अमावस्या को पितृ पक्ष का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जिन पितरों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं होती, उनका श्राद्ध भी इस दिन किया जा सकता है। यही कारण है कि इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कराने के लिए धार्मिक स्थलों पर पहुंचते हैं। उज्जैन में रामघाट और सिद्धवट का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। गया कोठे में भी पितरों के निमित्त कर्मकांड कराने के लिए लोग पहुंचे। पुरोहितों के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया।


शिप्रा नदी के घाटों पर स्नान करने वालों की भी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद तर्पण कर पितरों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कई परिवारों ने सामूहिक रूप से श्राद्ध कर्म संपन्न कराया। पितृ पक्ष के अंतिम दिन होने के कारण धार्मिक स्थलों पर दिनभर गतिविधियां जारी रहने का अनुमान रहा।

कल से देवी आराधना का पर्व, मंदिरों में घटस्थापना

- पितृ पक्ष की समाप्ति के साथ ही अब देवी आराधना के नौ दिवसीय पर्व शारदीय नवरात्रि का उल्लास छाएगा। रविवार से नवरात्रि की शुरूआत होगी। शहर के प्रसिद्ध हरसिद्धि मंदिर, गढ़कालिका मंदिर, चौसठ योगिनी मंदिर, चौबीस खंबा माता मंदिर और चामुंडा माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में घटस्थापना के साथ पूजा-अर्चना शुरू होगी। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।
- नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालु घरों में भी घटस्थापना कर नौ दिनों तक व्रत, पूजन और दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की आवाजाही बढ़ने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं की जाएंगी।

हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

इस बार शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होने की धार्मिक मान्यता बताई जा रही है। नवरात्रि में देवी के आगमन और प्रस्थान के वाहन को लेकर विभिन्न धार्मिक परंपराओं में विशेष मान्यताएं प्रचलित हैं। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना करेंगे। पितरों की विदाई के बाद अब धर्मनगरी उज्जैन में देवी आराधना, व्रत और पूजा-पाठ का दौर शुरू होगा। आगामी नौ दिनों तक शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में धार्मिक गतिविधियों और श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रहेगी।



महाकाल श्रृंगार



भस्म रमाकर निराकार से साकार स्वरूप में भक्तों को दिए दर्शन

अपनेतक

27% आरक्षण पर फिर आमने-सामने कांग्रेस और भाजपा, युवाओं के भविष्य का सवाल बरकरार

मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला एक बार फिर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाईकोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार की आरक्षण संबंधी प्रक्रिया और अधिसूचना पर सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्ष 2019 से 2022 के बीच हुई नियुक्तियों में 13 प्रतिशत अतिरिक्त नियुक्तियों को संरक्षित रखते हुए आगामी भर्तियों में समायोजित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, वर्ष 2022 के बाद से फैसले की तारीख तक की गई भर्तियों में 13 प्रतिशत होल्ड किए गए पदों पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के निर्देश का भी उन्होंने उल्लेख किया है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने में जल्दबाजी की और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से परामर्श नहीं लिया। उन्होंने इस प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार हाईकोर्ट के निर्णय का विधिक परीक्षण कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। हालांकि, कांग्रेस सरकार की मंशा और प्रक्रिया को लेकर मुख्यमंत्री की टिप्पणियां उनका राजनीतिक पक्ष हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और न्यायालय के आदेश की वास्तविक सीमाओं को समझने के लिए संबंधित अधिसूचना तथा फैसले का अध्ययन आवश्यक है।

सवाल सरकारों की लड़ाई का नहीं, युवाओं के भविष्य का है। आरक्षण का मुद्दा केवल राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं है। इसके साथ उन हजारों अभ्यर्थियों की उम्मीदें जुड़ी हैं, जो वर्षों से सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे हैं। ओबीसी अभ्यर्थी अपने संवैधानिक अवसरों और निर्धारित आरक्षण के लाभ को लेकर स्पष्टता चाहते हैं, जबकि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की भी उन पदों पर नियुक्ति को लेकर अपेक्षाएं हैं, जिन्हें लंबे समय से होल्ड रखा गया है। ऐसे में किसी भी फैसले का असर समझने के लिए यह देखना जरूरी है कि न्यायालय ने किन भर्तियों, किन पदों और किन अभ्यर्थियों के संबंध में क्या निर्देश दिए हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि 13 प्रतिशत पदों को होल्ड रखने और उन्हें संरक्षित करने की व्यवस्था को सभी भर्तियों पर एक समान लागू मानकर निष्कर्ष न निकाला जाए। अलग-अलग भर्ती प्रक्रियाओं की स्थिति, न्यायालय के अंतरिम और अंतिम आदेश तथा संबंधित नियमों के आधार पर ही वास्तविक प्रभाव स्पष्ट होगा। मुख्यमंत्री ने जिन नियुक्तियों का उल्लेख किया है, उनके संबंध में सरकार को आधिकारिक स्थिति सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों के बीच भ्रम और अनिश्चितता दूर हो सके। राजनीतिक दृष्टि से कांग्रेस सरकार के फैसले पर सवाल उठाना भाजपा का पक्ष हो सकता है, लेकिन मौजूदा सरकार की जिम्मेदारी केवल पिछली सरकार की गलतियां गिनाने तक समाप्त नहीं होती। उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि न्यायालय के आदेश का पालन हो, भर्ती प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब न हो और पात्र अभ्यर्थियों के अधिकार सुरक्षित रहें। दूसरी ओर, कांग्रेस को भी अपने समय में लिए गए फैसले की प्रक्रिया और उसके कानूनी आधार पर उठ रहे सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना चाहिए।

मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का प्रश्न कानूनी, प्रशासनिक और सामाजिक–तीनों स्तरों पर महत्वपूर्ण है। सरकार को न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति के आधार पर विस्तृत स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। किन वर्षों की भर्तियां प्रभावित होंगी, कितने पदों पर नियुक्ति का रास्ता खुलेगा, होल्ड पदों का क्या होगा और आगामी भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण की व्यवस्था किस प्रकार लागू की जाएगी–इन सभी सवालों के जवाब सार्वजनिक होने चाहिए। आरक्षण के प्रश्न को राजनीतिक प्रतिष्ठा का विषय बनाने के बजाय संवैधानिक प्रावधानों, न्यायिक निदेर्शों और अभ्यर्थियों के हितों के अनुरूप हल करना समय की आवश्यकता है।

इंदौर-नई दिल्ली इंटरसिटी सुपरफास्ट निरस्त होने से यात्री परेशान, आज भी नहीं चलेगी ट्रेन

रिजर्वेशन कराने के बावजूद दिल्ली नहीं जा सके विद्यार्थी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को हुई परेशानी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर रोड (गोपाल उपाध्याय)

इंदौर से नई दिल्ली की ओर जाने वाली इंटरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन क्रमांक 12415 के निरस्त रहने से शुक्रवार को महिदपुर रोड रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह ट्रेन शनिवार को भी निरस्त रहेगी। लगातार दूसरे दिन ट्रेन का संचालन नहीं होने से दिल्ली सहित अन्य स्टेशनों की यात्रा करने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

ट्रेन निरस्त होने का सबसे अधिक असर उन छात्र-छात्राओं पर पड़ा, जो दिल्ली में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। महिदपुर, झारड़ा, खेड़ा खजूरिया और जगोटी सहित आसपास के क्षेत्रों के कई विद्यार्थी पूर्व से रिजर्वेशन कराकर दिल्ली लौटने की तैयारी में थे। शुक्रवार को निर्धारित समय पर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद उन्हें ट्रेन निरस्त होने की जानकारी मिली। इसके चलते विद्यार्थियों को निराश होकर अपने घर लौटना पड़ा।

विद्यार्थियों के अलावा दिल्ली और मार्ग के अन्य छोटे-बड़े रेलवे स्टेशनों तक जाने वाले यात्रियों को भी अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। कई यात्रियों ने पहले से टिकट आरक्षित करा रखे थे, लेकिन ट्रेन नहीं चलने के कारण उनकी यात्रा योजना प्रभावित हो गई। इससे यात्रियों को वैकल्पिक साधनों से यात्रा करने या आगे की तारीख के लिए अपनी योजना बदलने की मजबूरी का सामना करना पड़ा। रेलवे स्टेशन अधीक्षक और बुकिंग क्लर्क से मिली जानकारी के अनुसार, इंदौर से नई दिल्ली की ओर जाने वाली इंटरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन शनिवार को भी निरस्त रहने की सूचना है। लगातार दो दिन ट्रेन निरस्त रहने से यात्रियों में परेशानी और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

यात्रियों को समय पर सूचना देने की मांग

यात्रियों का कहना है कि लंबी दूरी की ट्रेन निरस्त होने की स्थिति में रेलवे प्रशासन को यात्रियों को समय रहते जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि वे अपनी यात्रा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। विशेष रूप से परीक्षा, प्रवेश प्रक्रिया और पढ़ाई के सिलसिले में दिल्ली जाने वाले विद्यार्थियों के लिए समय पर पहुंचना महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में ट्रेन निरस्त होने की सूचना और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था के संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है। अब यात्रियों की नजर रेलवे प्रशासन की आगामी सूचना पर है। ट्रेन के संचालन और निरस्तीकरण की अवधि को लेकर आधिकारिक जानकारी स्पष्ट होने पर ही यात्री अपनी आगे की यात्रा की योजना बना सकेंगे।

हेल्प डेस्क पर यात्रियों को बताए विकल्प

उज्जैन रेलवे स्टेशन पर पदस्थ रेल कर्मचारी दीपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कंट्रोल से मिली सूचना के अनुसार दिल्ली जाने वाली तीन ट्रेनें निरस्त हुई हैं। स्टेशन पर करीब 180 से 200 यात्री जानकारी लेने पहुंचे। उन्हें भोपाल या नागदा के रास्ते यात्रा पूरी करने के विकल्प बताए जा रहे हैं। जिन यात्रियों को जरूरी काम से दिल्ली जाना है, उन्हें नागदा के रास्ते स्वराज एक्सप्रेस से जाने का सुझाव दिया जा रहा है।

मालव नृत्य महोत्सव में मीनल को द्वितीय और द्राक्षिका को मिला तृतीय पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर में आयोजित चार दिवसीय मालव नृत्य महोत्सव-2026 में उज्जैन की कथक प्रतिभाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। अखिल नटराजम सांस्कृतिक संघ नागपुर द्वारा आयोजित इस महोत्सव की कथक एकल नृत्य प्रतियोगिता में नृत्य साधना कथक संस्थान उज्जैन की छात्रा मीनल जैन ने द्वितीय और द्राक्षिका व्यास ने तृतीय पुरस्कार जीतकर शहर का नाम गौरवान्वित किया है।



दोनों कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों में कथक की शास्त्रीय परंपरा के साथ भाव-भंगिमाओं, लय, ताल और पद संचालन का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। देशभर के विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों के बीच उज्जैन की छात्राओं की इस प्रस्तुति ने निर्णायकों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

निरंतर साधना और अनुशासन से मिली सफलता

नृत्य साधना कथक संस्थान की निर्देशक अनुष्का आर्य ने छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान इनकी मेहनत, नियमित अभ्यास और कला के प्रति समर्पण का नतीजा है। कथक जैसी शास्त्रीय विधा में निरंतर साधना और अनुशासन से ही कलाकार नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं। मीनल और द्राक्षिका की इस सफलता पर संस्थान और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है।

उल्लंघन करने पर परमिट निरस्तीकरण और आरसी कैंसिल की कार्रवाई

12 अक्टूबर से देवास गेट बस स्टैंड पर बसें ले जाने पर लगायी रोक, किया आदेश जारी

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच बस संचालन व्यवस्था में बदलाव, उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से देवास गेट बस स्टैंड को बंद किया जाकर देवास गेट बस स्टैंड को नई जगह स्थानांतरित करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत 12 अक्टूबर से देवासगेट बस स्टैंड पर बसें ले जाने पर पूर्ण रूप रोक लगाते हुए सभी बसों का संचालन नानाखेड़ा बस स्टैंड से किए जाने का आदेश क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एवम संभागायुक्त उज्जैन संभाग उज्जैन मध्यप्रदेश के द्वारा शासन के अन्य स्थानीय विभागो के प्रतिनिधियों एवम बस संचालकों की बैठक से प्राप्त परामर्श के पश्चात जारी किया गया है,

नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई, परमिट निरस्तीकरण, आरसी कैंसिल और चालानी कार्रवाई सहित अन्य वैधानिक कदम उठाए जाएंगे।

बस स्टैंड के संचालन के लिए पूर्व से संचालित नानाखेड़ा बस स्टैंड स्थित 1.689 हेक्टेयर भूमि का चयन किया गया है। नानाखेड़ा बस स्टैंड पर बसों की पार्किंग के लिए पर्याप्त



स्थान उपलब्ध कराने के साथ यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं नगर पालिका निगम उज्जैन के माध्यम से विकसित की जाएंगी। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत बस स्टैंड के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपने का प्रावधान भी किया गया है। इसके अलावा देवासगेट से संचालित होने वाली लोकसेवा बसों को भी प्रस्तावित नए स्थल से संचालित करने की व्यवस्था का उल्लेख है।

प्रशासन का उद्देश्य शहर के प्रमुख मार्गों पर बसों के अनावश्यक दबाव को कम करना और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना है। सिंहस्थ-2028 के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और यात्रियों के उज्जैन पहुंचने की संभावना को देखते हुए तथा शहर अंतर्गत हो रहे वृहद सड़क चौड़ीकरण , एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण तथा अन्य निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्यों के प्रगतिरत होने के कारण बसों के संचालन को सुव्यवस्थित करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

12 अक्टूबर से लागू होने वाली बताई गई व्यवस्था के तहत देवासगेट बस स्टैंड पर बसें ले जाने के नियम का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें न्यायालयीन कार्यवाही, परमिट निरस्तीकरण, वाहन का पंजीयन प्रमाणपत्र (आरसी) निरस्त करने तथा चालान काटने जैसी कार्रवाई शामिल होगी।
नई व्यवस्था लागू होने के बाद बसों के संचालन को निर्धारित स्थल पर व्यवस्थित करने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

शहर के देवी मंदिरों पर किया जा रहा है सजावट का कार्य

नवरात्रि की तैयारी शुरू, देवी मंदिरों पर होने लगा रंगाई-पुताई का कार्य



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आज श्राद्ध पक्ष के समापन के बाद कल 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो जाएगी। इस बार नवरात्रि 10 दिन की रहेगी। इसकी तैयारियां शहर के प्रमुख देवी शक्ति मंदिरों में अंतिम दौर में है। मंदिरों की रंगाई पुताई की जा रही है। हरसिद्धि मंदिर पर भी दीपमाला की सफाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस बार श्राद्ध पक्ष का समापन आज 10 अक्टूबर को हो जाएगा। इसके अगले दिन 11 अक्टूबर से शक्ति आराधना का पर्व नवरात्रि आरंभ हो जाएगा। इस दौरान पूरे नवरात्रि पर्व में हरसिद्धि माता, चामुण्डा माता, गढ़कालिका, भूखी माता, बिजासन माता, नवदुर्गा मंदिर, वाघेश्वरी देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में 11 अक्टूबर की सुबह शुभ मुहूर्तों में घट स्थापना होगी और इसी के साथ शक्ति की उपासना करना लोग शुरू कर देंगे। नो दिनों तक माता जी की पूजन-अर्चन की जाती है। कलश को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है।

वही अष्टमी पर चोबीस खम्भा माता मंदिर सहित अन्य माता मंदिर पर शासकीय पूजा भी की जाएगी। इसको लेकर माता मंदिरों की रंगाई पुताई का क्रम शुरू हो गया है और अंतिम दौर में है। हरसिद्धि मंदिर की दीपमालाओं की भी सफाई की जा रही है। नवरात्रि पर यह दीपमालाएं प्रज्वलित की जाएगी।

ओबीसी कॉलम की मांग को लेकर कांग्रेस का पैदल मार्च

सिंहस्थ कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन भाजपा पर लगाया आरक्षण खत्म करने की साजिश का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्ष 2027 में होने वाली जातिगत जनगणना के प्रश्न क्रमांक 10 में पिछड़ा वर्ग का कॉलम जोड़ने की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने पैदल मार्च किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के निर्देश पर कांग्रेसियों ने सिंहस्थ कार्यालय कोठी से कलेक्टर कार्यालय तक मार्च निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वर्तमान भाजपा सरकार ओबीसी के मौजूदा आरक्षण को खत्म करने के लिए लगातार साजिश रच रही है। राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग और ओडिशा इंचार्ज



देवव्रत यादव ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की दिशा में जाति जनगणना बेहद जरूरी है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि जनगणना के प्रश्न क्रमांक 10 में सुधार कर वर्ग और जाति अलग-अलग दर्ज की जाए। इसके अलावा सत्यापित राज्यवार जाति रजिस्ट्री, खोजने योग्य ड्रॉपडाउन तैयार करने और गणना से पूर्व मान्य समाज नाम उपजातियों और भाषाई रूप को एक मान के कोड से जोड़ने की मांग रखी गई है। यह भी मांग की गई है कि खुला टेक्स्ट केवल उन जवाबों के लिए रखा जाए जो ड्रॉपडाउन में न हों। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, अजय राठौर, अर्पित यादव, चैन सिंह चौधरी, अशोक यादव, मथुरा प्रसाद यादव, भरत पोरवाल, सीमा पटेल, संदीप पवार, विनोद पोरवाल, अर्जुन यादव, नकुल यादव, मोनू यादव, मुकेश यादव, सौरभ प्रजापत, दिलीप गुर्जर, विकास मालवी, शारिक मस्ताना, बंटी रावत, करण सूर्यवंशी, रिजवान, विशाल यादव और चेतन भट्ट मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय जूडो स्पर्धा में उज्जैन के अली खान ने जीता रजत पदक

उज्जैन। जबलपुर में 5 से 7 अक्टूबर तक आयोजित 70वीं विद्यालयीन राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। शहर की ग्रीनफील्ड एकेडमी के छात्र अली खान ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पर्धा में रजत पदक पर कब्जा जमाया है। अली ने तकनीक, फुर्ती के दम पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने यह सफलता जूडो कोच अजय त्रिवेदी के मार्गदर्शन में हासिल की है। अली खान की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे शहर का नाम रोशन हुआ है। इस सफलता पर विद्यालय परिवार, कोच अजय त्रिवेदी, इंजीनियर सरफराज कुरैशी और समस्त शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एआई के दौर में बच्चों की डिजिटल शिक्षा जरूरी, महंगा लैपटॉप खरीदना अनिवार्य नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तेजी से बदलते तकनीकी दौर में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान और पारंपरिक शिक्षा तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कोडिंग, कंप्यूटर स्किल्स, डिजिटल लर्निंग और कम्युनिकेशन जैसी क्षमताएं भी भविष्य की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ऐसे में बच्चों को तकनीक के सही इस्तेमाल के लिए तैयार करना अभिभावकों के सामने एक नई चुनौती बनकर उभर रहा है।

बच्चों की पढ़ाई में लैपटॉप उपयोगी साधन साबित हो सकता है। इसके माध्यम से विद्यार्थी यूट्यूब पर शैक्षणिक वीडियो देखकर कठिन विषयों को दोबारा समझ सकते हैं, गणित के सवालों के हल सीख सकते हैं और ऑनलाइन उपलब्ध निःशुल्क पाठ्यक्रमों के जरिए कंप्यूटर तथा एआई की शुरूआती जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे घर पर ही डिजिटल लर्निंग का अवसर मिल सकता है।



खास बात यह है कि डिजिटल शिक्षा की शुरूआत के लिए 50 हजार से एक लाख रुपये तक का नया लैपटॉप खरीदना जरूरी नहीं है। सीमित बजट वाले परिवार अच्छी स्थिति वाला रिफर्बिश्ड यानी पहले इस्तेमाल किया गया लैपटॉप भी विकल्प के रूप में देख सकते हैं। हालांकि, खरीदारी के समय डिवाइस की स्थिति, बैटरी, वारंटी और तकनीकी क्षमता की जांच करना जरूरी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों को लैपटॉप उपलब्ध कराने के साथ यह समझाना भी जरूरी है कि तकनीक का इस्तेमाल पढ़ाई, रचनात्मकता और नई चीजें सीखने के लिए कैसे किया जाए। अभिभावकों की निगरानी, स्क्रीन टाइम का संतुलन और इंटरनेट सुरक्षा पर ध्यान देकर डिजिटल उपकरणों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया का उपयोगी हिस्सा बनाया जा सकता है।

थैलेसीमिया शिविर में 65 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, 130 एचएलए सैंपल लिए

बोन मैरो ट्रांसप्लांट की संभावनाओं पर विशेषज्ञ ने दी जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

थैलेसीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पीड़ित बच्चों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से थैलेसीमिया जन जागरण समिति मध्यप्रदेश द्वारा उज्जैन में एचएलए जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 65 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जबकि बोन मैरो ट्रांसप्लांट की संभावनाओं के दृष्टिगत 130 एचएलए सैंपल लिए गए।

शिविर में उज्जैन सहित आसपास के क्षेत्रों से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे, उनके परिजन और आम नागरिक शामिल हुए। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर परिजनों को आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ फोर्टिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम की बाल रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनिशा अरोड़ा, महाराष्ट्र समाज उज्जैन के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, उत्तर उज्जैन विधायक अनिल जैन, सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी डॉ. एम.डी. शर्मा, पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी अजय भातखंडे तथा समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

बोन मैरो ट्रांसप्लांट की समझाई प्रक्रिया

शिविर में डॉ. सुनिशा अरोड़ा ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों की शंकाओं का समाधान करते हुए उपचार की उपयोगिता, संभावनाओं और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया। ल्छअ सैंपल के माध्यम से ट्रांसप्लांट के लिए संभावित उपयुक्त दाता की पहचान की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जाती है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने थैलेसीमिया एवं सिकल सेल बीमारी के कारण, लक्षण, बचाव और संभावित जटिलताओं की जानकारी देते हुए समय पर जांच तथा नियमित चिकित्सकीय परामर्श का महत्व बताया। उन्होंने युवाओं और अभिभावकों से विवाह पूर्व थैलेसीमिया जांच कराने की अपील की।

उज्जैन
शनिवार
10
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

हस्तस्य भूषणम दानम, सत्यं कंठस्य भूषणं।
श्रोतस्य भूषणं शास्त्रम, भूषनै:किं प्रयोजनम।।

अर्थ: हाथ का आभूषण (गहना) दान है, गले का आभूषण सत्य है, कान की सुंदरता शास्त्रों को सुनने से है, अन्य आभूषणों की क्या आवश्यकता है।

खबर एक नजर...

पीथमपुर की 2 स्टील कंपनियों को हाईकोर्ट से झटका

इंदौर। पीथमपुर की दो स्टील कंपनियों को प्रदूषण नियंत्रण संबंधी अनिवार्य शर्तों का पालन नहीं करना भारी पड़ गया। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने मुद्रा स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और पेंसोल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल के बंदी आदेश और संचालन की सहमति से जुड़े फैसलों को चुनौती दी गई थी। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई की बेंच ने 28 सितंबर को पारित आदेश में स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य के मामलों में प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य है। केवल प्रदूषण नियंत्रण उपकरण स्थापित कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उत्पादन के दौरान उनका प्रभावी ढंग से संचालन भी जरूरी है। दरअसल, 2025 में उद्योगों को संचालन की सहमति देते समय दोनों इंडक्शन भट्टियों पर छह महीने के भीतर धुआं निष्कर्षण प्रणाली स्थापित करने की शर्त रखी गई थी। निर्धारित समय में इस शर्त का पालन नहीं होने पर संचालन की सहमति के नवीनीकरण से इनकार कर दिया गया। इसके बाद उद्योगों के खिलाफ बंदी की कार्रवाई की गई। प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था में सुधार के लिए उद्योगों को अस्थायी राहत देते हुए बैंक गारंटी भी ली गई थी। हालांकि, कलेक्टर द्वारा गठित समिति के निरीक्षण में प्रदूषण नियंत्रण उपकरण चालू हालत में नहीं मिले।

सरपंची का चुनाव लड़ने लिव-इन पार्टनर ने चुराया सोना

इंदौर। सरपंची का चुनाव लड़ने और महंगे शौक पूरे करने के लिए एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर के घर से करीब डेढ़ करोड़ के सोने के आभूषण और बिस्किट चोरी कर लिए। लसूड़िया पुलिस ने राजस्थान के जोधपुर से आरोपी को गिरफ्तार कर करीब 1.10 करोड़ रुपए का माल बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बीसीएम पार्क निपानिया मेन रोड निवासी रेनू शर्मा (44) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 अगस्त से 13 सितंबर 2026 के बीच उनके घर की अलमारी से सोने का बिस्किट और अन्य जेवरात चोरी हो गए। शिकायत के आधार पर लसूड़िया पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सरपंची का चुनाव लड़ना चाहता है उसके लिए पैसे की जरूरत थी। जांच के दौरान महिला ने पुलिस को बताया कि उनके साथ रहने वाला गोपाल जाखड़ अचानक घर छोड़कर चला गया है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने गोपाल पर संदेह जताते हुए उसकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने राजस्थान पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया।

दुकानों से हटाएंगे क्यूआर आईडी, पदाधिकारी पांच दिन चलाएंगे जनसंपर्क अभियान

इंदौर। यूपीआई से भुगतान पर प्रस्तावित सरचार्ज को लेकर इंदौर में व्यापारियों का विरोध तेज हो गया है। अहिल्या चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त शुल्क का विरोध करते हुए दुकानों से यूपीआई आईडी और दफकोड हटाने का निर्णय लिया। व्यापारियों का कहना है कि जब तक सरकार मर्चेंट डिस्काउंट रेट से जुड़ा प्रस्तावित शुल्क वापस नहीं लेती, तब तक वे डिजिटल भुगतान की सुविधा बंद कर नकद लेनदेन को प्राथमिकता देंगे। बैठक में व्यापारियों ने यूपीआई सरचार्ज हाय-हाय और यूपीआई सरचार्ज बर्दाश्त नहीं के नारे लगाकर नाराजगी जताई।शुक्रवार को चैंबर अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि अतिरिक्त शुल्क से कारोबार की लागत बढ़ेगी। व्यापारियों के मुताबिक पहले से महंगाई, बढ़ती परिचालन लागत और सीमित मुनाफे की चुनौती झेल रहे कारोबारियों पर नया आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है। बैठक में मौजूद संगठनों ने प्रस्तावित शुल्क वापस लेने की मांग का समर्थन किया।

इंदौर में चेन स्नेचिंग और मोबाइल चोरी की वारदातें

इंदौर। मोबाइल स्नेचिंग और चोरी की वारदातें सामने आई हैं। कनाड़िया थाना क्षेत्र में गुलमर्ग परिसर के मुख्य द्वार के सामने बाइक सवार दो बदमाश एक युवक का स्मार्टफोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में रौनक और उसके साथी मंजेश उर्फ बाजरा उर्फ चौहान को पकड़ा है। आरोपियों के पास से करीब लूट के 10 मोबाइल बरामद होने की जानकारी सामने आई है। वहीं, एमजी रोड क्षेत्र में ई-रिक्शा में सफर कर रही एक महिला की सोने की चेन और पेंडल चोरी हो गया। दूसरी ओर, खजराना पुलिस ने दो महिलाओं सहित करीब सात लोगों को उनके चोरी और गुम हुए मोबाइल वापस दिलाए। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, गुलमर्ग परिसर, कनाड़िया रोड निवासी लवकुश पुत्र रामवरन राठौर ने शिकायत दर्ज कराई है कि गुरुवार को वह अपनी सोसाइटी के गेट नंबर-1 के पास खड़े थे। इसी दौरान बिना नंबर की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे।

भाजपा के आयोजन में मुफ्त जमीन देने का आरोप, पार्षद बोले- जितनी गुलामी सहन कर सको, उतनी ही करो

आईडीए सीईओ के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला दहन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में मैदान आवंटन और किराए को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस ने इंदौर विकास प्राधिकरण कार्यालय में प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। कांग्रेस ने कहा कि राहुल गांधी के गैर-राजनीतिक कार्यक्रम छात्रों की गूंज के लिए मैदान का 14 लाख रुपए से अधिक किराया लिया गया, जबकि विजय नगर में भाजपा के कार्यक्रम के लिए जमीन मुफ्त में उपलब्ध करा दी गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने दोनों आयोजनों की अनुमति, किराए और शर्तों का ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग की। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आईडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। चौकसे ने कहा कि जब तक मैदान पर हुए कार्यक्रमों की अनुमति और शुल्क से संबंधित रसीदें नहीं मिलतीं, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

आईडीई सीईओ नहीं दे पाएं जवाब शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए



आईडीए ने 14 लाख रुपए से अधिक किराया लिया। वहीं, विजय नगर में भाजपा के कार्यक्रम के लिए जमीन मुफ्त देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने पूछा कि दोनों आयोजनों के लिए अलग-अलग नियम क्यों अपनाए गए। सीईओ ने भाजपा के कार्यक्रम को सरकारी आयोजन बताया। इस पर कांग्रेस नेताओं ने पूछा कि कार्यक्रम में कौन-सी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी या लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया था। इन सवालों का जवाब नहीं दे पाए। चौकसे ने आरोप लगाया कि सीईओ ने भाजपा के एजेंट के रूप में काम किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भाजपा के कार्यक्रम को सरकारी आयोजन बताकर जमीन मुफ्त देने के मामले में स्थिति स्पष्ट नहीं की गई, तो कांग्रेस कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी।

राजू भदौरिया बोले- जितनी गुलामी सहन कर सको, उतनी ही करो प्रदर्शन के दौरान पार्षद राजू भदौरिया ने भी कुछ अधिकारियों को लेकर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, नेतागिरी भी हमको यहीं करना है और नौकरी आपको भी यहीं करना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जितनी गुलामी कर सको, उतनी ही सहन कर सको। भदौरिया ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आने वाली है। प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक जमीन के आवंटन में समान नियम लागू करने की मांग की। उनका कहना था कि राजनीतिक, सामाजिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए जमीन देने की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और शुल्क तय करने का आधार स्पष्ट होना चाहिए।

अनुमति, शुल्क और शर्तों का विवरण सार्वजनिक करे

सीईओ बोले- शासन का कार्यक्रम था आईडीए के सीईओ परिक्षित झाड़े ने बताया कि 7 अक्टूबर को विजय नगर में आईडीए की जमीन पर हुआ आयोजन भाजपा का नहीं था। वह शासन का कार्यक्रम था, इसलिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया है। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने की सफाई करीब दो घंटे चले प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वहां पड़ी पानी की बोतलें उठाकर डस्टबिन में डालीं। कांग्रेस ने मांग की कि आईडीए दोनों आयोजनों की अनुमति, शुल्क और शर्तों का विवरण सार्वजनिक करे, ताकि मैदान आवंटन में नियमों की समानता और पारदर्शिता स्पष्ट हो सके। प्रदर्शन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट, दीपू यादव, पिंटू जोशी, अमन बजाज, अर्चना जायसवाल, राजा चौकसे, देवेंद्र सिंह यादव, शेफु वर्मा, सीमा सोलंकी, सुदामा चौधरी, सादिक खान और रफीक खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

40 दिन के पटाखा बाजार का किराया भी विवाद में कांग्रेस ने पिपल्याराव स्थित रीजनल पार्क के सामने भारत जोड़ो मैदान में प्रस्तावित थोक पटाखा बाजार के किराए को लेकर भी सवाल उठाए। यहां 41 अस्थायी दुकानें बनाई जा रही हैं। बाजार के लिए जनरेटर रूम, लाइट टावर और पार्किंग की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। जानकारी के मुताबिक, दुकानों का निर्माण शुरू हो चुका है, लेकिन आईडीए ने किराए की अंतिम राशि तय नहीं की है और आधिकारिक डिमांड नोट भी जारी नहीं किया है। बाजार के किराए को लेकर 5 से 7 लाख रुपए तक की चर्चा है। हालांकि, इस राशि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पटाखा व्यापारी एसोसिएशन ने फिलहाल प्रत्येक दुकानदार से एक-एक लाख रुपए जुटाने को कहा है। इसमें दुकान निर्माण, मैदान का किराया, बिजली, सुरक्षा और अन्य खर्च शामिल बताए जा रहे हैं। अन्य निमार्णों को लेकर भी लगाए आरोप प्रदर्शन के दौरान चौकसे ने आईडीए की अन्य परियोजनाओं को लेकर भी आरोप लगाए। उन्होंने सयाजी होटल के पास दुकानों, सी-21 बिजनेस पार्क मॉल और कृष्णा ग्रैंडमार्क संस्था के दस्तावेजों का उल्लेख करते हुए निर्माण और नियमों से जुड़े सवाल उठाए। इन मामलों में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

आज चार्टर्ड फ्लाइट से पहुंचेंगी दोनों टीमें, होलकर स्टेडियम में शाम को करेंगी अभ्यास

भारत-वेस्टइंडीज टी-20 मुकाबले के लिए इंदौर तैयार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले को लेकर इंदौर में तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को दोनों टीमों के खिलाड़ी चार्टर्ड फ्लाइट से दोपहर करीब 2:40 बजे इंदौर पहुंचेंगे।

एयरपोर्ट से दोनों टीमें सीधे अपने-अपने होटलों के लिए रवाना होंगी। भारतीय टीम रेडिसन होटल में ठहरेगी, जबकि वेस्टइंडीज की टीम के लिए मैरिएट होटल में व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों की आवाजाही, सुरक्षा, अभ्यास और मैदान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मैच को लेकर शहर में क्रिकेट का माहौल बनने लगा है। होलकर स्टेडियम के बाहर टीम इंडिया की जर्सी, टी-शर्ट और कैप की दुकानें सज गई हैं। क्रिकेट प्रेमी खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। वहीं, आयोजन से जुड़े विभाग खिलाड़ियों की सुरक्षा और दर्शकों की सुविधाओं को लेकर तैयारियों में जुटे हैं।

भारत और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों के अभ्यास को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बल्लेबाजों की नेट प्रैक्टिस के लिए मैदान के बाहर अमय खुरासिया एकेडमी में दो पिचें तैयार की गई हैं। इन्हें होलकर स्टेडियम की पिचों के समान



परिस्थितियां देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि बल्लेबाजों को अभ्यास के दौरान मैच जैसी स्थिति मिल सके। इसके अलावा होलकर स्टेडियम के अंदर गेंदबाजों के अभ्यास के लिए भी दो अलग पिचें तैयार की गई हैं। जरूरत के अनुसार खिलाड़ी इनका उपयोग कर सकते हैं। दोनों टीमों के लिए कोई अनिवार्य आधिकारिक अभ्यास सत्र निर्धारित नहीं है। ऐसे में अभ्यास करने या नहीं करने का फैसला खिलाड़ी और टीम मैनेजमेंट अपनी सुविधा के अनुसार लेंगे।

ओस की चुनौती से निपटने की कोशिश- होलकर स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल मानी जाती है। यहां कई मुकाबलों में बड़े स्कोर बने हैं। ऐसे में भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 मैच में भी बल्लेबाजों के प्रदर्शन के साथ गेंदबाजों की रणनीति और दूसरी पारी की परिस्थितियां अहम रहेंगी। मैदान की तैयारी में घास और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, मैदान पर विशेष प्रकार की घास लगाई गई है, जिसका उद्देश्य ओस के असर को कम करना है। रात के टी-20 मुकाबलों में ओस गेंदबाजों के लिए चुनौती बन सकती है, क्योंकि गीली गेंद को नियंत्रित करना मुश्किल होता है। हालांकि, घास के कारण ओस का असर कितना कम होगा, यह मैदान की वास्तविक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

एयरपोर्ट से होटल तक तय रूट, खिलाड़ियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

- दोनों टीमों की आवाजाही को व्यवस्थित रखने के लिए एयरपोर्ट से होटल और होटल से स्टेडियम तक का रूट निर्धारित किया गया है। एयरपोर्ट से खिलाड़ियों को सुपर कॉरिडोर और एमआर-10 के रास्ते होटल पहुंचाया जाएगा। अभ्यास के लिए स्टेडियम जाते समय एबी रोड का इस्तेमाल किया जाएगा।
- खिलाड़ियों के ठहरने वाले होटलों और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही है। स्टेडियम में भी खिलाड़ियों की सुरक्षा के साथ दर्शकों की आवाजाही और प्रवेश व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है।
- सुरक्षा प्रबंधन में सीसीटीवी कैमरों के साथ टर्नस्टाइल और फेस रिकॉग्निशन जैसी तकनीकों के इस्तेमाल की तैयारी की जानकारी भी सामने आई है। इन व्यवस्थाओं के वास्तविक संचालन और लागू प्रोटोकॉल की पुष्टि संबंधित अधिकारियों से किया जाना जरूरी है।

कार्यकर्ताओं के योगदान को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भाजपा कार्यकर्ता संगठन की ताकत हैं और हर बूथ पर पार्टी को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आगामी चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटें। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इंदौर जिला ग्रामीण की बैठक में शुक्रवार को कही। बरसाना गार्डन में आयोजित बैठक में उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और राष्ट्रहित में पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

खंडेलवाल ने कहा कि आज कार्यकर्ता जिस विचारधारा और संगठन को मजबूत बनाने में योगदान दे रहे हैं, उसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। जिस तरह देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का आज भी सम्मान किया जाता है, उसी तरह 50 से 100 साल बाद आने वाली पीढ़ियां भी उन कार्यकताओं को याद करेंगी, जिन्होंने देश को मजबूत बनाने वाली विचारधारा और संगठन को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई। इस दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत, विधायक मधु वर्मा और उषा ठाकुर आदि मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकताओं को अपने परिवार और व्यक्तिगत हितों से आगे बढ़कर राष्ट्रहित के लिए काम करना चाहिए। पार्टी की विचारधारा को मजबूत करना, संगठन के नेताओं को मजबूती देना और प्रत्येक बूथ पर पार्टी को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। आने वाली पीढ़ी भारत को सुरक्षित, आतंकवाद मुक्त, रोजगार के अवसरों से युक्त और खुशहाल राष्ट्र के रूप में देखे, इसके लिए आज संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में आयोजित सेवा गतिविधियों की जानकारी दी।

शहर को जलसंकट से बचाने नर्मदा के पानी से भरेंगे यशवंत सागर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इस बार मानसून में सामान्य से 14 इंच कम बारिश होने से शहर में मार्च से पहले ही जल संकट की आशंका है। सीजन में कुल 23 इंच बारिश हुई है। इसका असर शहर के तालाबों पर भी पड़ा है। शहर का सबसे पुराना जलस्त्रोत यशवंत सागर अपनी 19 फीट की क्षमता के मुकाबले 17 फीट ही भरा है। इसे नर्मदा के पानी से भरने के लिए नगर निगम और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) के बीच सैद्धांतिक सहमति बनी है। इसके लिए नर्मदा-गंभीर लिंक का उपयोग किया जाएगा। दोनों विभागों के अधिकारी इसकी गाइडलाइन तैयार करेंगे। यशवंत सागर से शहर को रोजाना 35 एमएलडी पानी मिलता है। तालाब को क्षमता के अनुसार भरने से गर्मी में भी इस आपूर्ति को नियमित बनाए रखने में मदद मिलेगी।

शेड्यूल से 3 से 5 घंटे पहले इंदौर-दिल्ली की 3 ट्रेनें निरस्त की, यात्री परेशान होते रहे

जंतर-मंतर पर आंदोलन के ऐलान के बाद रेलवे का फैसला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर से दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों को रविवार को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ा, जब रेलवे ने इंदौर से चलने वाली तीन ट्रेनों को रवाना होने से तीन से पांच घंटे पहले निरस्त कर दिया।

रेलवे की ओर से दोपहर करीब 1 बजे ट्रेनों के निरस्तीकरण की सूचना दी गई। अचानक हुए इस फैसले से उन यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं, जिन्हें जरूरी काम से दिल्ली पहुंचना था। कई यात्रियों के सामने अब दूसरे साधन से सफर करने या यात्रा टालने की स्थिति बन गई।

रेलवे ने महू-नई दिल्ली एक्सप्रेस (20155), इंदौर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल एक्सप्रेस (09309) और इंदौर-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12415) को निरस्त किया। दिल्ली के जंतर-मंतर पर एसआईआर के विरोध में प्रस्तावित आंदोलन के मद्देनजर यह फैसला लिया गया। देश के अन्य हिस्सों से दिल्ली जाने वाली कुछ ट्रेनों पर भी असर पड़ा। दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में पहले से वेटिंग दिल्ली रूट पर चलने वाली ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता भी यात्रियों के लिए चुनौती बनी हुई थी। बुकिंग एजेंटों से मिली जानकारी के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों में वेटिंग की स्थिति इस प्रकार थी।

ट्रेन निरस्त होने की जानकारी मिलने के बाद यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था तलाशना पड़ी। जिन लोगों ने पहले से टिकट बुक करा रखे थे, उनके लिए अचानक दूसरी ट्रेन में जगह मिलना आसान नहीं था। त्योहारों और व्यस्त दिनों में पहले से ही लंबी वेटिंग के बीच तत्काल यात्रा की योजना बनाना और मुश्किल हो गया। यात्री कविता सेन का कहना था कि यदि ट्रेन निरस्त करने का निर्णय पहले बता दिया जाता, तो वे समय रहते दूसरी व्यवस्था कर सकते थे। आखिरी वक्त पर सूचना मिलने से न केवल यात्रा की योजना बिगड़ी, बल्कि जरूरी काम समय पर पूरा होने को लेकर भी चिंता बढ़ गई।

गांधी प्रतिमा परिसर में विरोध, संगठन ने पुलिस पर दबाव बनाने का लगाया आरोप

सफाईकर्मियों के समर्थन में वाल्मीकि समाज अध्यक्ष ने कराया मुंडन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के सफाईकर्मियों की नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन शुक्रवार को और तेज हो गया। वाल्मीकि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कल्याणे ने गांधी प्रतिमा परिसर में विरोध स्वरूप मुंडन कराया और राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया का पिंडदान किया।

सफाईकर्मी संगठन लंबे समय से स्थायी नियुक्ति, समान कार्य-समान वेतन, ठेका प्रथा खत्म करने, जोखिम भत्ता और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की मांग कर रहा है।

संगठन का कहना है कि कर्मचारी करीब 28 साल से स्थायी नियुक्ति की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान



नहीं हुआ। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि मांगों पर बातचीत करने के बजाय आंदोलन खत्म कराने के लिए दबाव बनाया गया।

निगम कमिश्नर से मुलाकात नहीं होने का आरोप- संगठन के प्रतिनिधि ने दावा किया कि वे नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल से मिलने के लिए तीन बार गए, लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए भी पिछले 20 दिनों से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। संगठन का कहना है कि वह अपनी मांगें प्रशासन और सरकार तक पहुंचाना चाहता है।

इंदौर को आठ बार नंबर-1 बनाया फिर भी हमारी सुनवाई नहीं

संगठन के प्रतिनिधि ने कहा कि इंदौर को स्वच्छता में आठ बार नंबर-1 बनाने में सफाईकर्मियों की मेहनत और योगदान रहा है। इसके बावजूद उन्हें स्थायी नौकरी और सम्मानजनक वेतन नहीं मिल पा रहा है। प्रतिनिधि के मुताबिक, करीब 10 हजार रुपए महीने में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी शहर की सड़कों और घरों के आसपास सफाई रखते हैं, लेकिन उनकी अपनी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। संगठन ने जेन जी और जेन अल्फा के युवाओं से भी अपील की है कि वे सफाईकर्मियों की मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में मदद करें।

17 कर्मचारियों पर दबाव बनाकर आंदोलन खत्म कराने का दावा- संगठन के प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि तीन दिन के आंदोलन के बाद आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने निगम आयुक्त और कलेक्टर के साथ बैठक की थी। इसके बाद कर्मचारियों पर आंदोलन खत्म करने के लिए दबाव बनाया गया। प्रतिनिधि का दावा है कि कर्मचारियों के घरों पर पुलिस, सीएसआई और दरोगा भेजे गए तथा एफआईआर की धमकी दी गई। इसके बाद 17 कर्मचारियों को आंदोलन खत्म करने के लिए मजबूर किया गया। प्रतिनिधि ने यह भी आरोप लगाया कि कलेक्टर ने कर्मचारियों से हड़ताल बंद करने को कहा। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है।

खबर एक नजर...

गलती से दूसरे खाते में पहुंचे 9900 रुपए, मंडलोई ने की राशि वापस दिलाने की अपील

उज्जैन। ऑनलाइन भुगतान के दौरान नाम की समानता के कारण गलत नंबर पर 9900 रुपए ट्रांसफर होने का मामला सामने आया है। राहुल मंडलोई ने बताया कि उनकी पत्नी उन्हें 9900 रुपए भेज रही थीं। यूपीआई चलाने की कम जानकारी होने के कारण उन्होंने राहुल नाम देखकर भुगतान कर दिया, लेकिन राशि किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में पहुंच गई। राहुल मंडलोई के अनुसार, गलत भुगतान होने के बाद उन्होंने संबंधित थाने में आवेदन दिया है और बैंक में भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जिस मोबाइल नंबर पर राशि ट्रांसफर हुई है, वह 8817379334 है और संबंधित व्यक्ति का नाम राहुल बताया जा रहा है। राहुल मंडलोई ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई इस व्यक्ति को जानता है तो उससे संपर्क कर गलती से प्राप्त हुई 9900 रुपए की राशि वापस लौटाने का अनुरोध करें। उन्होंने बताया कि मामले से संबंधित पुलिस आवेदन और बैंक शिकायत की प्रतियां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

धीरेंद्र शास्त्री की टिप्पणी पर भड़के पंजाब के शाही इमाम

भोपाल। बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर से कथा के दौरान की गई टिप्पणी पर पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी भड़क गए हैं। उनका कहना है कि शास्त्री ने हमारी कौम के बारे में कहा था कि इनकी लड़कियां भैया को सैंया बना लेती हैं। जब बात बिगड़ी तो बोलने लगे कि हमने धर्म परिवर्तन पर बोला था। अब अपने घर जाकर हमें गीदड़भभकियां दे रहे हो। शाही इमाम का यह बयान तब आया है जब कुछ दिन पहले बागेश्वरधाम में कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा था कि इमाम हमसे माफी मंगवाने की बात करते हैं, जबकि माफी तो उन्हें खुद हमसे मांगनी चाहिए। उन्हें कहना चाहिए कि वेरी वेरी थैंक यू बाबा बागेश्वर। कोई बाबा तो हुआ, जिसने सत्य कहा। बता दें कि यह विवाद लुधियाना में धीरेंद्र शास्त्री की 5 दिवसीय कथा के दौरान की गई टिप्पणी के बाद शुरू हुआ था। उस समय शाही इमाम ने इमरजेंसी मीटिंग भी बुलाई थी।

मध्यप्रदेश में 12 अक्टूबर से काम पर लौटेंगे पटवारी

भोपाल। मध्यप्रदेश में स्वामित्व योजना को लेकर पटवारियों और सरकार के बीच चल रहा गतिरोध खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार शाम मुलाकात के बाद पटवारी संघ ने 12 अक्टूबर से योजना का काम दोबारा शुरू करने का ऐलान किया। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल के मुताबिक, योजना में न्यायिक संरक्षण के आदेश जारी किउ जाएंगे। वहीं, 17 सितंबर के बाद की गई कार्रवाइयों को शून्य करने पर भी सहमति बनी है। बैठक में पटवारियों की आर्थिक मांगों पर भी चर्चा हुई। भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने बताया कि सरकार ने वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया है। वेतन विसंगति के मामले में आयोग के गठन के बाद विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 27 अक्टूबर को होने वाले महासम्मेलन में आर्थिक मांगों पर घोषणा करने का आश्वासन दिया है। पटवारी संघ स्वामित्व योजना के तहत होने वाली रजिस्ट्रियों से जुड़े मामलों में कानूनी संरक्षण की मांग कर रहा था। पटवारियों को आशंका थी कि रजिस्ट्री से संबंधित विवादों में उन पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। गुर्जर के मुताबिक, इस संबंध में आ रही अड़चनों का समाधान कर दिया गया है और सरकार ने संरक्षण के प्रावधान किए हैं।

भोपाल-इंदौर मेट्रो के टिकट पर 25% की छूट

भोपाल। मध्य प्रदेश के 2 बड़े शहर- भोपाल और इंदौर में मेट्रो में घूमना अब फायदेमंद होगा। मेट्रो कॉरपोरेशन टिकट पर 25 प्रतिशत की छूट देने जा रहा है। 11 अक्टूबर से नई व्यवस्था के तहत टिकट मिलेगी। मेट्रो अफसरों का कहना है कि बोनस और छूट को मिला दें तो यात्रियों का 44% तक फायदा हो सकता है। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने यात्रियों को मेट्रो यात्रा पर सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से भोपाल एवं इंदौर मेट्रो में टिकट पर अतिरिक्त छूट दी है। फेस्टिवल सीजन में शुरू की जा रही इस विशेष प्रमोशनल डिस्काउंट व्यवस्था के तहत यात्रियों को मौजूदा छूट के अतिरिक्त 25 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। यह व्यवस्था 31 दिसंबर 2026 तक लागू रहेगी।

किसानों ने हंगामा कर एक घंटे तक रोकी नीलामी

खंडवा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को एक ही दिन में सोयाबीन के करीब 1800 वाहन आए। अधिक मात्रा में सोयाबीन आने पर व्यापारियों ने भाव कम कर दिए। इस कारण सुबह करीब 11 बजे खरीदी शुरू होते ही कम भाव मिलने पर किसानों ने आक्रोश जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। नीलामी की प्रक्रिया को रोक दिया। करीब एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा। किसानों ने कहा कि गुरुवार को मंडी में 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल सोयाबीन का भाव था। वहीं आज 6200 के आस-पास भाव दिया जा रहा है। एक ही दिन में भाव इतना अधिक कम कर व्यापारी मनमानी कर रहे हैं।

हाईकोर्ट ने संशोधन को असंवैधानिक ठहराया

मप्र में ओबीसी आरक्षण 27% नहीं, 14% ही रहेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% करने वाले 2019 के कानून को रद्द कर दिया है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इसे असंवैधानिक बताते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश में ओबीसी को 14% आरक्षण ही मिलेगा।

महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा- कोर्ट ने दस्तावेज और आंकड़ों के आधार पर फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि मामला डइउ को आरक्षण देने का नहीं, बल्कि इसे 14% से बढ़ाकर 27% करने का था। महाधिवक्ता सिंह के मुताबिक, कोर्ट ने सरकारी भर्तियों में होल्ड 13% पदों को अनारक्षित वर्ग की चयन सूची से भरने का आदेश दिया है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएसी), कर्मचारी चयन मंडल और अन्य भर्ती एजेंसियों को इसके लिए जरूरी कार्रवाई 3 महीने में ही पूरी करनी होगी। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ कांग्रेस और ओबीसी



महासभा ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की बात कही है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले की कानूनी समीक्षा कर आगे एक्शन लेंगे। मध्य प्रदेश सरकार 27% ओबीसी आरक्षण को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त-ठोस संवैधानिक और सांख्यिकीय आधार पेश नहीं कर सकी। 50% आरक्षण सीमा से आगे जाने के लिए जरूरी असाधारण परिस्थितियां साबित करने, पुराने आंकड़ों के बजाय विश्वसनीय और व्यापक सर्वे के आधार पर पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधित्व का आकलन करने समेत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से सलाह लेने जैसे अहम पहलुओं पर सरकार का पक्ष कमजोर रहा।

2019 से 2022 के बीच हुई भर्तियों का चयन सुरक्षित

महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा- कोर्ट को ऐसे विशेष हालात नहीं मिले, जिनके आधार पर आरक्षण की 50% सीमा पार की जा सके। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी और जयश्री लक्ष्मणराव पाटिल मामलों के फैसलों का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा- अदालत के फैसले के बाद अब सरकारी विभागों में होने वाली नई भर्तियों में ओबीसी वर्ग को 14% आरक्षण ही दिया जाएगा। आगे की भर्ती प्रक्रिया में 27% आरक्षण के आधार पर प्रोविजनल लिस्ट तैयार नहीं की जाएगी। 2 सितंबर 2019 से 29 सितंबर 2022 के बीच 27% आरक्षण के आधार पर हुई भर्तियों में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्तियों को सुरक्षित रखा गया है। इस अवधि में निर्धारित 14% से अधिक आरक्षण के आधार पर हुए अतिरिक्त चयन को अगली तीन भर्ती प्रक्रियाओं में एडजस्ट किया जाएगा। अब तक प्रोविजनल यानी होल्ड लिस्ट में ओबीसी और अनारक्षित वर्ग के लिए अलग रखे गए 13% पदों पर अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। ओबीसी वर्ग से संबंधित सूची पर सरकार आगे निर्णय लेगी। कर्मचारी चयन मंडल ने 2023-24 के बाद जो भर्ती परीक्षाएं आयोजित की हैं, उनमें 87:13 फॉर्मूले के तहत करीब 9500 पद होल्ड पर रखे गए हैं।

नवरात्रि में 51 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा होगी स्थापित

उज्जैन सनातन मंच और सनातन क्लब ने शुरू की तैयारियां, 100 से अधिक बालिकाएं कर रहीं गरबा का अभ्यास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि महोत्सव को लेकर उज्जैन सनातन मंच और सनातन क्लब ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उज्जैन सनातन मंच इस वर्ष 51 फीट ऊंची मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा स्थापित करेगा। वहीं, दोनों संस्थाएं नवरात्रि के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेंगी। उज्जैन सनातन मंच के अध्यक्ष प्रकाश यादव ने बताया कि 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। आयोजन को भव्य बनाने के लिए 100 से अधिक बालिकाएं पिछले 15 दिनों से गरबा का अभ्यास कर रही हैं। मंच के कार्यकर्ता आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं, सनातन क्लब भी नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उज्जैन सनातन मंच के पदाधिकारियों में अध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष उमेश लिटोरिया और रोहित शिकावात, कोषाध्यक्ष सुनील बामनिया, सचिन चंद्रपाल दिखीत, महामंत्री जितेंद्र राव और मीडिया प्रभारी आशीष जैन शामिल हैं।

किसान कल्याण के लिए विज्ञान थीम पर आयोजन

सम्राट विक्रमादित्य विवि में कलर्स ऑफ साइंस 3.0 में सजा विज्ञान बाजार, नवाचार और उद्यमिता के दिखे रंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विज्ञान को समाज, कृषि और दैनिक जीवन से जोड़ते हुए नवाचारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'कलर्स ऑफ साइंस 3.0 झ विज्ञान बाजार' का आयोजन हुआ। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की प्राणिकी एवं जीव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला में मध्य प्रदेश शासन द्वारा घोषित 'किसान कल्याण वर्ष 2026' के तहत यह आयोजन 'किसान कल्याण के लिए विज्ञान' थीम पर किया गया। सुबह 10.30 बजे कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने फीता काटकर विज्ञान मेले का शुभारंभ किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. सलील सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्य राजेश कुशवाह, संजय वर्मा और वर्गिन मैरी स्कूल की संचालिका माधुरी वर्मा बतौर अतिथि उपस्थित रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए 25 फूड स्टॉल, 15 बीआईसी स्टॉल और 16 विज्ञान परियोजनाओं का अवलोकन कर उनके प्रयासों की जमकर सराहना की।

फूड फेस्ट में संपूर्णा ने मारी बाजी

आयोजन के तहत हुए फूड फेस्ट में विद्यार्थियों ने मिलेट आधारित और पौष्टिक व्यंजनों के स्टॉल लगाकर खाद्य नवाचार और प्रबंधन क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संपूर्णा ने प्रथम, नरीश एंड फ्लोरिश ने द्वितीय और बायोटेक ट्रेड्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

विज्ञान मॉडल में अल्गी बायोफ्यूल को पहला स्थान

विज्ञान प्रदर्शनी के कृषि वर्ग में विद्यार्थियों ने शानदार मॉडल पेश किए। इसमें अंकित, पुष्पा, एकता, दिव्य और जादव के 'अल्गी बायोफ्यूल मॉडल' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फॉरेंसिक साइंस वर्ग में फॉरेंसिक मनोविज्ञान एवं स्मृति से संबंधित प्रयोग पर आधारित प्रस्तुति के लिए अनन्या राठौर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। ज्ञान सागर अकादमी के विद्यार्थियों ने भी विज्ञान परियोजनाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।

12 से अधिक विभागों ने की सहभागिता

विज्ञान बाजार में नवोदय विद्यालय घट्टिया, वर्गिन मैरी स्कूल और ज्ञान सागर अकादमी सहित विश्वविद्यालय के 12 से अधिक विभागों के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने सहभागिता की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप हुए इस आयोजन में विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और उद्यमशीलता की संभावनाओं को समझने का मंच मिला। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि विज्ञान का व्यावहारिक उपयोग किसान कल्याण और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। आयोजन में डॉ. संतोष कुमार ठाकुर, डॉ. स्मिता सोलंकी, डॉ. शिवी भसीन, डॉ. गरिमा शर्मा, शीतल चौहान, पूर्णिमा त्रिपाठी और तन्मय जैन उपस्थित रहे।

द्वादश ज्योतिर्लिंग निर्माण प्रतियोगिता में जेमिनी प्रथम

फतेहपुरिया अग्रवाल महिला मंडल का आयोजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत फतेहपुरिया अग्रवाल महिला मंडल ने द्वादश ज्योतिर्लिंग निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जेमिनी गर्ग ने प्रथम पुरस्कार जीता। वहीं श्रद्धा गर्ग द्वितीय और तृप्ति गर्ग तृतीय स्थान पर रहीं।

आयोजन के सफल संचालन में मीना पसारी, सरोज अग्रवाल, नम्रता हरभजनका, आशा भगत, अनीता सुरेका, रुचिका हरभजनका, जॉली हरभजनका, सीमा गर्ग, पूनम खेमानी, निशा हरभजनका, क्षिप्रा बजाज और पूजा हरभजनका का विशेष सहयोग रहा।



काव्यांजलि की काव्य संध्या में गूंजा देशभक्ति का स्वर कई साहित्यकारों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वायु सेना दिवस पर साहित्यिक संस्था काव्यांजलि ने विशेष काव्य संध्या और सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में अतिथियों ने सेवानिवृत्त वायुसेना सार्जेंट भूपेंद्र कुमार श्रीवास्तव को राष्ट्र गौरव सम्मान प्रदान किया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने खड़े होकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष किए।

प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। उज्जैन विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव और शायर हमीद गौहर बतौर विशेष अतिथि उपस्थित हुए। जैन कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ कवि सुगनचंद जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संस्था ने साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए कवि और गीतकार राजेश राज तथा नवोदित कवि संयम जैन को सम्मानित किया।

पुजारी महासंघ ने संतों को लिखा पत्र

गणेश विसर्जन से रावण दहन तक पर उठाए सवाल

शास्त्रों के अनुसार धार्मिक परंपराओं के पालन की मांग, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष और संत समिति महामंत्री से विकृतियां रोकने की पहल करने को कहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने सनातन धर्म में आ रही विकृतियों और मनमानी परंपराओं को लेकर अखाड़ा परिषद और अखिल भारतीय संत समिति पर कड़े सवाल दागे हैं। महासंघ ने गणेश और दुर्गा विसर्जन की तिथियों में बदलाव के साथ ही रावण दहन की सत्यता पर सवाल उठाते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्री रविन्द्रपुरी महाराज और संत समिति के महामंत्री जितेन्द्रानंद सरस्वती को पत्र लिखा है।

पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि सनातन धर्म शास्त्र प्रधान है लोक प्रधान नहीं। वर्तमान में लोगों संस्थाओं और संतों ने धर्म और शास्त्र की मयार्दाओं को अपने अनुसार ढाल लिया है। हमारे सभी त्यौहार और उत्सव शास्त्र सम्मत मयार्दा से बंधे हैं लेकिन आज धर्म को विकृत किया जा रहा है जिसमें सुधार की अति आवश्यकता है।

रूपेश मेहता ने कहा कि धर्मसिंधु के प्रमाण अनुसार गणेश विसर्जन अनंत चतुर्दशी को होना चाहिए लेकिन अज्ञानतावश पूर्णिमा तक गणपति को सड़कों पर घुमाया जाता है। इसी तरह नवरात्रि में माताजी का विसर्जन दशमी के बजाय शरद पूर्णिमा तक रोककर डीजे पर अश्लील गानों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने रावण दहन को सबसे बड़ा झूठ बताते हुए कहा कि किसी भी वेद पुराण या वाल्मीकि रामायण में रावण दहन का प्रमाण नहीं है। भगवान राम ने रावण का वध किया था और उसका अंतिम संस्कार विभीषण ने लंका में विधि-विधान से किया था।

दसलक्षण महापर्व के समापन पर 21 तपस्वी महिलाओं का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दसलक्षण महापर्व संपन्न होने के बाद लक्ष्मी नगर स्थित पद्मावती महिला मंडल ने क्षमावाणी कार्यक्रम आयोजित कर सकल जैन समाज की तपस्वी महिलाओं का सम्मान किया। इस दौरान 32, 16, 10 और 5 उपवास की कठिन तपस्या करने वाली समाज की 21 महिलाओं का बहुमान किया गया। मंडल अध्यक्ष नीलम पांड्या ने बताया कि सभी तपस्वियों को संस्था की बहनों द्वारा साड़ी, श्रीफल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सचिव राखी जैन एवं कोषाध्यक्ष ज्योति जैन के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत चांदना जैन के मंगलाचरण से हुई। तपस्वी स्वागत गीत पर सुरभि सेठी, एकता जैन, श्वेता लुहाड़िया, महिमा जैन और परिधि बड़जात्या ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सूत्रधार रचना भारिल्ल ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए मनोरंजक गेम डाली बोहरा व सुरभि पांड्या ने खिलाए। आयोजन में विशेष सहयोग स्नेहलता विनायका, संगीता सोगानी और विमला जैन का रहा। संयोजक श्रुति बड़जात्या, भावना जैन, मधु कोठारी और अंजु गंगवाल ने बताया कि सकल जैन समाज की 21 महिलाओं का सम्मान किया गया। इनमें स्नेहलता जैन, नीलज छाबड़ा, नीलम शैलेंद्र जैन, नीलू बड़जात्या, ममता सुबोध जैन, कान्ता गंगवाल, केतना सेठ, अनुभूति जैन, शिल्पा सोनी, नीलिमा जैन और लता जैन शामिल रहीं।

धमार ताल में कीर्ति त्रिवेदी, तीनताल में अंश और चार्वी की प्रस्तुति

कथक नर्तकों ने साकार किए दशावतार, तीनताल पर थिरके कदम

नृत्य अभिषेक में दिखा शास्त्रीय संगीत और भारतीय संस्कृति का अनूठा संगम

मृदंग और पढ़ंत ने बढ़ाई प्रस्तुतियों की गरिमा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में आयोजित ह्यनृत्य अभिषेक झ कथक सांस्कृतिक संध्याह्न में कथक नृत्य, शास्त्रीय संगीत और भारतीय संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। भव्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था, वीणा नृत्य नाट्य कला केंद्र और कान्हा क्रिएशंस बाय अंश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित दशावतार की विशेष प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



ताल और भाव का दिखा सुंदर समन्वय

कार्यक्रम में भव्य संस्था की डायरेक्टर कीर्ति त्रिवेदी ने धमार ताल में आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं, कान्हा क्रिएशंस के डायरेक्टर अंश सक्सेना और चार्वी ने तीनताल में कथक की मनमोहक छटा बिखेरी। कलाकारों ने भाव, अभिनय और नृत्य के सुंदर समन्वय से भारतीय पौराणिक परंपरा को मंच पर जीवंत कर दिया।

नृत्य के दौरान तालमणि पं. ज्ञानेश्वर सावंत के मृदंग वादन ने विशेष रंग जमाया। कार्यक्रम में पुरोधा पं. श्रीधर व्यास और पं. चंद्रशेखर व्यास की विशेष सहभागिता रही, जबकि डॉ. पूनम व्यास की पढ़ंत ने प्रस्तुतियों को और अधिक गरिमामय बना दिया। इस अवसर पर संस्कार भारती की अध्यक्ष माया बदेका सहित कई वरिष्ठ कलाकार और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। ह्यनृत्य अभिषेकह्न के माध्यम से कथक की समृद्ध परंपरा और गुरु-शिष्य संस्कृति को एक मंच पर प्रस्तुत कर दर्शकों को यादगार सांस्कृतिक अनुभव प्रदान किया गया।

रावण दहन में इस साल से मिलेगा एक लाख रुपए का पुरस्कार

उज्जैन। दशहरा मैदान पर 20 अक्टूबर को होने वाले रावण दहन आयोजन में इस वर्ष से समाजसेवी ओम अमरनाथ खत्री स्मृति सम्मान दिया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति ने निर्णय लिया है कि समाज सेवा, खेल, साहित्य, शिक्षा या किसी अन्य विधा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उज्जैन जिले के किसी एक व्यक्ति को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए और शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया जाएगा।

सकारात्मक संदेश देने की पहल

दशहरा उत्सव समिति के संयोजक शिव ओम खत्री ने बताया कि रावण दहन का आयोजन धूमधाम से होगा। समिति के निर्णय के अनुसार ओपन कैटेगरी में यह पुरस्कार दिया जाएगा। इसका उद्देश्य शहर की उभरती प्रतिभाओं को मंच के माध्यम से सामने लाना और उनके कार्यों का सम्मान कर समाज में एक सकारात्मक संदेश देना है। आयोजन की रूपरेखा को लेकर हुई बैठक में समिति के प्रकाश रघुवंशी, पिलकेंद्र अरोरा, मनीष शर्मा, स्वामी मुस्कुरा के और विशाल सिंह हाड़ा उपस्थित थे।

लघुकथा सुलाने की नहीं जगाने की विधा - डॉ. शर्मा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लघुकथा साहित्य आकाश में उच्च स्थान पर है। यह सुलाने की नहीं बल्कि समाज को जगाने की विधा है। उज्जैन लघुकथा मंच का गठन शहर के लघुकथा जगत में नई आशा लेकर आया है। यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक और समालोचक डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने कही। वे भारतीय ज्ञानपीठ में नवगठित उज्जैन लघुकथा मंच के प्रथम आयोजन और मुंशी प्रेमचंद पुण्य स्मरण दिवस के अवसर पर बोल रहे थे।

डॉ. शर्मा ने प्रेमचंद का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने समाज की पीड़ाओं के बीच उपभोक्ता के दर्द को भी पहचाना और उपभोक्ता विमर्श पर लघु रचनाएं लिखीं। उन्होंने प्रेमचंद की लघुकथा 'कश्मीरी सेब' और 'देवी' का पाठ भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ लघुकथाकार डॉ. प्रभाकर शर्मा ने उज्जैन के समृद्ध लघुकथा इतिहास पर प्रकाश डाला। प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक तथा मंच के संरक्षक मुकेश जोशी ने संस्था के गठन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लघुकथा का आकाश अनंत है। चेन्नई से प्रोफेसर बी.एल. आच्छा ने अपने संदेश में कहा कि उज्जैन लघुकथा मंच लघुकथा के क्षेत्रीय भूगोल का राष्ट्रीय संस्कार है।

सलमान ने लॉन्च किया यूट्यूब चैनलः फैंस को पर्सनल, प्रोफेशनल और बिहाइंड-द-सीन्स कंटेंट शेयर करेंगे



सलमान खान ने शुक्रवार को अपना ऑफिशियल यूट्यूब चैनल लॉन्च किया। जिसमें वो फैंस को पर्सनल, प्रोफेशनल और बिहाइंड-द-सीन्स कंटेंट शेयर करेंगे। सलमान ने चैनल के लॉन्च का ऐलान एक मजेदार टीजर के साथ किया। इसमें वह अंग्रेजी अल्फाबेट बोलते नजर आए। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, शुरू से शुरू करते हैं... मेरा ऑफिशियल यूट्यूब चैनल। अ से तक सब यहां मिलेगा। खबर लिखे जाने तक इसके सब्सक्राइबर्स की संख्या 16 हजार पार हो गई थी। सलमान के ऑफिशियल चैनल के बायो में लिखा है, फिल्म एक्टर। आर्टिस्ट। पेंटर। मैनिटेरियन। यह मेरा ऑफिशियल चैनल है। फिलहाल चैनल पर कई शॉर्ट्स मौजूद हैं। यूट्यूब के जरिए सलमान लंबे वीडियो शेयर कर सकते हैं। इससे फैंस को उनके काम, रोजमर्रा की जिंदगी और सिनेमा से बाहर की पसंद के बारे में करीब से जानने का मौका मिलेगा।

वह जल्द फिल्म मातृभूमि में नजर आ सकते हैं। इस फिल्म का नाम पहले ह्यबैटल ऑफ गलवानह्न था। इसका निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान अभी नहीं हुआ है।

रेखा@72, अमिताभ बच्चन से प्यार, अफेयर से इनकार

रेखा की जिंदगी जितनी ग्लैमरस दिखती है, उसके पीछे उतने ही दर्दनाक अध्याय छिपे हैं। बचपन में पिता जैमिनी गणेशन की बेरुखी मिली, तो परिवार की आर्थिक मजबूरियों ने किशोर उम्र में ही फिल्मों में काम करने पर मजबूर कर दिया। बड़े पर्दे पर सफलता मिली, लेकिन निजी जिंदगी लगातार सवालों के घेरे में रही।

विनोद मेहरा से कथित शादी, अमिताभ बच्चन से रिश्ते की चर्चाएं और 1990 में पति मुकेश अग्रवाल की आत्महत्या के बाद लगे गंभीर आरोपों ने उन्हें भीतर तक झकझोरा। इन मुश्किलों के बावजूद रेखा ने खुद को संभाला और हिंदी सिनेमा में ऐसी पहचान बनाई, जो आज भी कायम है।

रेखा का जन्म 10 अक्टूबर 1954 को तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता जैमिनी गणेशन और अभिनेत्री पुष्पवल्ली के घर हुआ था। लेकिन पिता की मौजूदगी उनके बचपन का हिस्सा नहीं बन सकी। सिमी गरेवाल के शो ह्यरेंडेजवू विद सिमी गरेवालह्न में रेखा ने अपने बचपन और पिता के बारे में बात की थी।

उन्होंने बताया था कि जब वह बहुत छोटी थीं, तभी उनके पिता उनकी जिंदगी से चले गए थे। उन्हें याद नहीं था कि उनके पिता कभी घर में रहे हों। रेखा ने अपने माता-पिता के रिश्ते को रोमांटिक बताया था और कहा था कि उनकी मां अपने पिता के प्यार में बेहद डूबी हुई थीं।

रेखा के लिए पिता की पहली याद भी किसी पिता-पुत्री के रिश्ते जैसी नहीं थी। उनके कई सौतेले भाई-बहन एक ही स्कूल में पढ़ते थे। जैमिनी गणेशन कभी-कभी अपने दूसरे बच्चों को स्कूल छोड़ने आते थे। रेखा ने बताया कि उन्हें दूर से देखकर उनके मन में आया था- ह्यओह, ये अप्पा हैं।ह्न

लेकिन रेखा के मुताबिक, उनके पिता ने उन्हें नोटिस तक नहीं किया। उन्होंने बताया कि उन्हें उनसे मिलने का मौका कभी नहीं मिला और उन्हें नहीं लगता कि उनके पिता ने उस वक्त उन्हें देखा भी था।

बचपन में रेखा ने इस कमी को किस तरह महसूस किया, इसका अंदाजा उनकी एक मार्मिक बात से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा था कि शायद उन्होंने इस दर्द को अपने अंदर ही दबा दिया था। उस उम्र में उनका ध्यान होमवर्क और दूसरी छोटी-छोटी चीजों पर ज्यादा था। उन्हें अपनी बहन के ज्यादा सुंदर होने की भी चिंता रहती थी।

बड़ी होने के बाद रेखा को एहसास हुआ कि शायद उन्हें पिता की कमी महसूस हुई थी। उन्होंने कहा था कि जब आपने किसी चीज का स्वाद ही नहीं चखा हो, तो आपको नहीं पता होता कि वह चीज कैसी होती है। उनके लिए पिता शब्द का मतलब ही साफ नहीं था।

रेखा ने बताया था कि उनके बचपन का बड़ा हिस्सा नानी और मौसी के साथ बीता, क्योंकि उनकी मां शूटिंग के सिलसिले में अक्सर बाहर रहती थीं। उनके पास कोई स्थायी पुरुष रोल मॉडल भी नहीं था। बाद में उन्होंने फिल्ममेकर मोहन सहगल को अपनी जिंदगी का पहला फादर फिगर बताया।

रेखा के लिए फिल्मों में आना किसी सपने के पूरा होने की कहानी नहीं थी। वह अभिनेत्री बनना ही नहीं चाहती थीं। उस उम्र में उनके सपने किसी आम लड़की जैसे थे- प्यार करने वाला जीवनसाथी, शादी और ढेर सारे बच्चे। परिवार की आर्थिक स्थिति ने उनके इन सपनों को पीछे धकेल दिया।



जयपुर पहुंचे साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और गुरु रंधावा



जयपुर में शुक्रवार शाम को फिल्मी सितारों की हलचल देखने को मिली। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा जयपुर पहुंचे। दोनों सितारे ब्लैक मास्क लगाए और कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से बाहर निकले। इस दौरान अभिनेता सौरभ शुक्ला भी नजर आए। सितारों की मौजूदगी ने एयरपोर्ट पर लोगों का ध्यान खींचा।

सुरक्षा के लिए बाहरी राज्य से बाउंसर्स बुलाए जाने की जानकारी सामने आई है। इन बाउंसर्स ने एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों को दोनों कलाकारों के फोटो और वीडियो बनाने से रोकने की कोशिश की। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही दोनों अपनी-अपनी गाड़ियों से रवाना हो गए। जानकारी के मुताबिक, अल्लू अर्जुन और गुरु रंधावा जयपुर में ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय हीरा कंपनी डी बीयर्स ग्रुप के एक खास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। यह हाई-प्रोफाइल आयोजन ऐतिहासिक सिटी पैलेस में रखा गया है, जहां शाही विरासत और आधुनिक लग्जरी का संगम देखने को मिलेगा। इस आयोजन की खास बात जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह का डी बीयर्स के नए चेहरे के रूप में परिचय कराया जाना है। ऐतिहासिक सिटी पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय लग्जरी ब्रांड और जयपुर की शाही विरासत एक मंच पर नजर आएंगे।

अल्लू अर्जुन के जयपुर पहुंचने की खबर सामने आने के बाद एयरपोर्ट पर उनकी एक झलक पाने की उम्मीद में लोगों की नजरें उन पर टिकी रहीं। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त रखी गई थी। ब्लैक मास्क में चेहरा ढके अल्लू अर्जुन सीधे अपनी कार तक पहुंचे और वहां से होटल के लिए रवाना हो गए। गुरु रंधावा के लिए भी इसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उन्हें भी एयरपोर्ट से सीधे कार्यक्रम स्थल की ओर ले जाया गया। जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को दिग्गज अभिनेता सौरभ शुक्ला भी नजर आए। अल्लू अर्जुन और गुरु रंधावा के विपरीत सौरभ शुक्ला प्रशंसकों के साथ सहज अंदाज में मिले और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। सौरभ शुक्ला जयपुर में नाटक ह्यबर्फह्न की प्रस्तुतियों के लिए पहुंचे हैं। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 10 और 11 अक्टूबर को ह्यबर्फह्न नाटक का मंचन किया जाएगा। ऐसे में इस सप्ताहांत जयपुर में फिल्म और संगीत जगत के सितारों के साथ रंगमंच के दर्शकों के लिए भी खास आकर्षण रहेगा।

अजय के करियर की दूसरी बड़ी हिट बनी दृश्यम-3

अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी फिल्म 'दृश्यम 3' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करते हुए अभिनेता अजय देवगन के करियर की दूसरी सबसे बड़ी हिट फिल्म बन गई है।

रिलीज के महज 7 दिनों में फिल्म ने भारत में 245.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन कर लिया है। इसके साथ ही 'दृश्यम 3' ने अजय देवगन की 'गोलमाल अगेन' (205.69 करोड़) और 'दृश्यम 2' (239.67 करोड़) के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है।

अब घरेलू नेट कलेक्शन के मामले में यह केवल साल 2020 की फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' (279.59 करोड़) से पीछे है। दुनिया भर में फिल्म का कुल ग्रॉस कलेक्शन 383.60 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, देश फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 294.60 करोड़ रुपए रहा, जबकि ओवरसीज मार्केट से फिल्म ने 89 करोड़ रुपए जुटाए हैं। गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन 62 करोड़ रुपए की ओपनिंग ली थी। इसके बाद शनिवार को 53.50 करोड़ और रविवार को 61 करोड़ रुपए की कमाई हुई। हालांकि, वर्किंग डेज शुरू होने पर सोमवार को कलेक्शन घटकर 21 करोड़ रुपए पर आ गया, लेकिन फिल्म की पकड़ बनी हुई है।

'दृश्यम 2' को पछाड़ा, फ्रैंचाइजी की सबसे सफल फिल्म

245.50 करोड़ रुपए नेट कलेक्शन के साथ 'दृश्यम 3' अब इस फ्रैंचाइजी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले साल 2022 में आई 'दृश्यम 2' ने 239.67 करोड़ रुपए का लाइफटाइम बिजनेस किया था। वहीं, साल 2015 में रिलीज हुई इस सीरीज की पहली फिल्म 'दृश्यम' ने महज 67 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। 7वें दिन गुरुवार को फिल्म ने भारत में 13 करोड़ रुपए और ओवरसीज में 4 करोड़ रुपए अपने खाते में जोड़े हैं।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. जनमत-4
4. सचेत. सजग-4
7. सहयात्री, संगी-5
9. रुपया, पैसा - 2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. वसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण, ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला, हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

ऊपर से नीचे

1. पूजा, प्रार्थना-4
2. मार्ग. पथ-2
3. यमराज, मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा, वरदान-2
6. द्वेष, ईर्ष्या-4
8. तमीज, तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद, खाद्य सामग्री-3
18. भयानक, डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज, सत्य-2
26. ईश्वर, भगवान-2
27. रुदन, क्रंदन-2
28. मोमबत्ती (उर्दू-2)

माथा पच्ची

21		33		71		55	=	70
	■		■		■		■	
28		24		50		42	=	12
	■		■		■		■	
45		3		61		10	=	66
	■		■		■		■	
23		3		9		4	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
27		4		73		7	=	1/99

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

अ	श	मु	फ	रे	व	हे	प	ल	र	त	
क्स	कि	पिं	ना	द	म	जा	जा	गो	धा	छ	
न	के	ज्ञ	हे	मि	इं	सा	न	व	ष्टि	ष्टि	
डी	ट	र	न	सा	ख	त	क	ले	ज	ल	
च	दा	त	प	मे	तो	हे	क्क	गो	व	प	
ब	त	त	स	ग	स	ए	व	म	यों	र	
द	प	थू	ब	त्था	व	ह	अ	गो	प्ला	म	
क	र	क	ल	र	ह	भ्रा	र	वो	आ	त	
र	व	त	म	ए	भ्रै	क	क	अ	न	ले	
जू	बे	दा	त	र	क	ता	ष	र	ह	या	
मुं	ब	ल	न	आ	प	म	क	प	स्त	र	

शब्दजाल में मनोज वाजपेयी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

अक्स, फरेब, इंतकाम, पिंजर, सत्या, शूल, जूबेदा, दिल पर मत ले यार, घात, जागो

अष्टयोग

4	2	7		3	5	
	33		33		26	7
		4	6			3
5	34	3	30	6	32	
6				5		2
	30	5	33	7	39	
1			3			4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

45	-	20	+	30	-	40	=	15
-	■	+	■	+	■	-	■	+
25	+	15	-	15	+	30	=	55
+	■	x	■	-	■	x	■	-
23	x	2	-	23	+	2	=	25
-	■	+	■	+	■	-	■	-
30	+	2	+	25	-	20	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
13	+	35	-	47	+	0	=	1/99

अष्टयोग का हल

7	2	4	6	3	5	1
2	33	2	33	4	26	7
4	5	7	6	1	2	3
3	34	5	40	6	32	6
1	3	6	4	5	7	2
5	30	3	31	7	39	5
6	5	1	3	2	7	4

शब्दजाल का हल




सूडोकू नवताल- मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7



पाकिस्तान में 4 प्रांतों के 15 हिस्से करने की तैयारी

पंजाब-सिंध में नवाज और भुट्टो परिवार कमजोर होंगे, आर्मी चीफ मुनीर ताकत बढ़ाना चाहते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर देश के 4 प्रांतों को 12 से 15 हिस्सों में बांटकर सियासत का पूरा गणित बदलना चाहते हैं।

ब्रिटिश मैगजीन द्यद इकोनॉमिस्टद्ध की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कदम से पंजाब और सिंध में मजबूत नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो परिवार कमजोर पड़ सकते हैं। अभी इन प्रांतों की सरकारें केंद्र को चुनौती देने की ताकत रखती हैं। छोटे प्रांत बनने पर यह ताकत बंट जाएगी और इस्लामाबाद का दखल बढ़ेगा। इससे सेना को देश की राजनीति और सरकार पर अपनी पकड़ बढ़ाने का मौका मिल सकता है।



पंजाब और सिंध की ताकत कम करने की तैयारी

पाकिस्तान का पंजाब प्रांत पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का गढ़ है। सिंध में बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी का दबदबा है। दोनों पार्टियों की ताकत बड़े प्रांतों में उनकी मजबूत पकड़ से आती है। अगर इन प्रांतों को छोटे हिस्सों में बांटा जाता है, तो मौजूदा राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। पार्टियों को अलग-अलग छोटे प्रांतों में अपनी ताकत साबित करनी होगी। इससे बड़े नेताओं का प्रभाव घट सकता है और केंद्र सरकार को प्रांतीय राजनीति में दखल देने का ज्यादा मौका मिल सकता है।

प्रांत को छोटे करने के पीछे दलील क्या है

द इकोनॉमिस्ट के मुताबिक, मुनीर का मानना है कि पाकिस्तान के प्रांत इतने बड़े हैं कि वहां प्रशासन ठीक से नहीं चल पा रहा। पंजाब में करीब 12.8 करोड़ लोग रहते हैं, जबकि क्षेत्रफल के लिहाज से सबसे बड़ा बलूचिस्तान है, जहां करीब डेढ़ करोड़ की आबादी है। बड़े इलाकों में लोगों तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाना मुश्किल होता है। ग्रामीण पंजाब में लोगों को बुनियादी सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। बलूचिस्तान में भी दूर-दराज के इलाकों तक सुविधाएं पहुंचाना चुनौती है। लेकिन पाकिस्तान की बदहाल अर्थव्यवस्था, महंगाई और कर्ज की समस्या सिर्फ प्रांतों के बड़े आकार से पैदा नहीं हुई। ऐसे में सवाल है कि प्रांतों को बांटने से आम लोगों की जिंदगी कितनी बदलेगी और सत्ता का फायदा किसे मिलेगा।

पाकिस्तान में सेना पहले से ताकतवर

पाकिस्तान में सेना कई बार सीधे सत्ता संभाल चुकी है। आज भी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति जैसे बड़े मामलों में उसका खासा प्रभाव है। सेना के पास जमीन, कारोबार और बड़े संसाधन भी हैं। ऐसे में प्रांतों को बांटने से अगर मौजूदा राजनीतिक ताकत कमजोर होती है, तो सेना और केंद्र सरकार का दबदबा बढ़ सकता है। बड़े प्रांतों के मजबूत नेताओं के बजाय केंद्र को कई छोटी सरकारों से निपटना होगा। इससे प्रांतीय नेतृत्व की सामूहिक ताकत कम हो सकती है।

15 छोटे प्रांत बनाने या जिलों को ज्यादा ताकत देने पर विचार

पाकिस्तान में दो रास्तों पर चर्चा है। पहला, 4 प्रांतों को बांटकर 12 से 15 नए प्रांत बनाना। दूसरा, करीब 160 जिलों को ज्यादा अधिकार देना, ताकि लोगों के काम के लिए उन्हें दूर न जाना पड़े। योजना मंत्री अहसान इकबाल इन दोनों विकल्पों का जिक्र कर चुके हैं। नए प्रांत बनाने के लिए संविधान बदलना होगा। वहीं, जिलों को ज्यादा अधिकार देने से मौजूदा प्रांतों को बांटे बिना लोगों को सरकारी सुविधाएं आसानी से मिल सकती हैं पाकिस्तान सरकार की तरफ से अभी आधिकारिक नक्शा जारी नहीं किया गया है, लेकिन जिन इलाकों की चर्चा है, वे कुछ इस तरह हैं- उत्तर पंजाब, मध्य पंजाब, दक्षिण पंजाब

अमेरिका ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर प्रतिबंध लगाए, नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट से नाराज

रुबियो बोले- कोर्ट धमकी देना बंद करे, वरना खत्म कर देंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (क्छउ) पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि कोर्ट अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करना बंद करे, वरना अमेरिका उसे खत्म करने की कोशिश करेगा। अमेरिका कोर्ट से इसलिए भी नाराज है, क्योंकि उसने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत कई इजराइली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। अमेरिकी सरकार का आरोप है कि कोर्ट अमेरिकी और इजराइली नागरिकों को गलत तरीके से निशाना बना रहा है।

डिप्टी प्रॉसिक्यूटर नजहत शमीम खान ने अमेरिकी प्रतिबंधों की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून और एक स्वतंत्र अदालत के काम को कमजोर करने की कोशिश है। खान ने साफ किया कि प्रतिबंधों के बावजूद कोर्ट अपनी जांच और कानूनी कार्रवाई जारी रखेगा। ICC ने 21 नवंबर 2024 को नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। अदालत के मुताबिक, गाजा के आम लोगों को



खाने, पानी और दूसरी जरूरी चीजों से वंचित रखा गया, जिससे वहां गंभीर संकट पैदा हुआ।

ICC ने माना कि हमास के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान गाजा के आम लोगों को बचाने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए गए। इसी मामले में इजराइल के पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इजराइल ने इन आरोपों को खारिज किया था। उसका कहना था कि क्छउ को इस मामले में कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने ये प्रतिबंध ऐसे समय लगाए, जब कुछ ही घंटे पहले दक्षिण अफ्रीका की पूर्व न्यायाधीश नवी पिल्लै को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने की घोषणा हुई थी। भारतवंशी पिल्लै 2003 से 2008 तक क्छउ की अपील चैंबर में जज रही थीं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय के क्षेत्र में काम के लिए यह सम्मान दिया गया। उन्होंने इराक और अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की कार्रवाई से जुड़े संभावित मामलों की जांच में भी भूमिका निभाई थी। हालांकि, अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की योजना नोबेल पुरस्कार की घोषणा से काफी पहले बना ली थी।

अमेरिकी प्रतिबंधों का असर उन कंपनियों पर भी पड़ सकता है, जो क्छउ को सेवाएं देती हैं। अमेरिकी कंपनियों को कोर्ट के साथ कारोबार करने से रोका जा सकता है। इससे उसकी बैंकिंग, बीमा और सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

प्रतिबंधों की आशंका को देखते हुए क्छउ ने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर की जगह दूसरे विकल्प अपनाने और बैंकिंग व स्वास्थ्य बीमा के लिए नए इंतजाम करने शुरू कर दिए थे।

सहयोगी देशों से भी दबाव बनाने को कहा

रुबियो ने कहा कि अमेरिका ने क्छउ और उसके सदस्य देशों को अपनी चिंताओं का समाधान करने का मौका दिया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने अमेरिका के सहयोगी देशों से भी कोर्ट पर लगाम लगाने को कहा।

रुबियो के मुताबिक, प्रतिबंधों के साथ बातचीत का रास्ता खुला रखा गया है। अगर बातचीत से समाधान नहीं निकला, तो अमेरिका आगे और कदम उठा सकता है। क्या है इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट की स्थापना 2002 में हुई थी। यह युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ गंभीर अपराध और नरसंहार जैसे मामलों की सुनवाई करता है। इसके 125 सदस्य देश हैं। यूरोपीय संघ के सभी देश इसके सदस्य हैं, लेकिन अमेरिका खुद इस कोर्ट का सदस्य नहीं है।

भारत का जवाब- अमेरिकी अर्थव्यवस्था यही संभाल रहे

वेंस बोले-वीजा लेकर अमेरिका में काम करने वाले बंधुआ मजदूर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ल्-1इ वीजा पर अमेरिका में काम करने वाले विदेशी कर्मचारियों को द्यबंधुआ मजदूरद्ध बताया है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को 8 क्ळ कंपनियों को ग्रीन कार्ड से जुड़े ढएफ्ट प्रोग्राम से सस्पेंड किए जाने पर दिया।

वेंस ने आरोप लगाया कि कंपनियां अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर उनकी जगह कम वेतन पर विदेशी कर्मचारियों को रख रही हैं।

भारत ने वेंस के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रवासियों की अहम भूमिका रही है। भारत ने यह भी कहा कि भारतीय पेशेवर अमेरिका की अर्थव्यवस्था, नई तकनीक, रिसर्च और रोजगार बढ़ाने में अहम योगदान देते हैं। इससे दोनों देशों को फायदा होता है। अमेरिका में H-1B वीजा पाने वालों में 71% भारतीय हैं।

वेंस ने माइक्रोसॉफ्ट पर वीजा व्यवस्था का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों की जगह अमेरिकी लोगों को नौकरी देनी चाहिए। वेंस के मुताबिक, पिछले एक साल में माइक्रोसॉफ्ट ने 6,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, जबकि इसी दौरान कंपनी को 6,300 ल्-1इ वीजा और करीब 3,000 ग्रीन कार्ड का फायदा मिला। उन्होंने इस व्यवस्था को शर्मनाक बताते हुए इसे खत्म करने की बात कही। H-1B वीजा के जरिए अमेरिकी कंपनियां दूसरे देशों के कुशल पेशेवरों को नौकरी पर रख सकती हैं। वहीं, ग्रीन कार्ड अमेरिका में स्थायी रूप से रहने और काम करने की अनुमति देता है। ग्रीन कार्ड के लिए PERM प्रक्रिया के तहत कंपनी को यह साबित करना होता है कि संबंधित नौकरी के लिए योग्य अमेरिकी कर्मचारी उपलब्ध नहीं था और विदेशी कर्मचारी को नौकरी देने से अमेरिकी कर्मचारियों की सैलरी या काम करने की स्थिति पर बुरा असर नहीं पड़ेगा।

अमेरिका अब रूस से डीजल खरीदेगा

पिछले महीने रूस पर प्रतिबंधों वाला बिल पास हुआ, इस डील से दुनिया में कीमतें घटेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका ने रूस से डीजल खरीदने के लिए समझौता किया है। ट्रम्प ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर कहा, होर्मुज स्ट्रेट पर अमेरिकी नियंत्रण और रूस से डीजल की सप्लाई बढ़ने से अमेरिका समेत दुनिया भर में डीजल की कीमतें तेजी से घटेंगी। उनके मुताबिक, समझौते के तहत रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल भेजेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख टन और फिर 10 लाख टन डीजल भेजा जाएगा।

खास बात यह है कि सितंबर में ही अमेरिकी संसद में रूस पर प्रतिबंधों वाला एक बिल पास हुआ था। इसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर ट्रम्प 100% तक टैरिफ लगा सकते हैं। इसमें भारत और चीन जैसे देश शामिल है।

ट्रम्प बोले- अमेरिकी किसानों के लिए यह बड़ी डील

यह डील रूस पर अमेरिकी दबाव की नीति में बड़ा बदलाव है। रूस पर यूक्रेन युद्ध के कारण अमेरिका कई साल से प्रतिबंध लगाता रहा है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने पुतिन से फोन पर बात कर यह समझौता किया। उन्होंने कहा कि कम कीमतें, खासकर अमेरिकी किसानों, पशुपालकों और ट्रक चालकों के लिए, उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस से चुनावी रैली के लिए रवाना होते समय भी समझौते पर खुशी जताई।



ओबामा के करीबी थे, अब ट्रम्प के खास बने जुकरबर्ग

राष्ट्रपति ने जेल भेजने की धमकी दी थी, अब साथ मिलकर अकके नियम बना रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

मेटा चीफ मार्क जुकरबर्ग कभी अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के करीबी थे। 2021 में फेसबुक और इंस्टाग्राम ने ट्रम्प का अकाउंट बंद कर दिए, तो उन्होंने जुकरबर्ग को जेल भेजने की धमकी दी थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद जुकरबर्ग ने ट्रम्प से रिश्ते सुधार लिए हैं। अब जुकरबर्ग का प्रभाव अकयानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े फैसलों में भी दिख रहा है। अकसुरक्षा समझौते का मसौदा तैयार करने में उनका बड़ा रोल है। 2011 में फेसबुक हेडक्वार्टर में हुई एक टाउन हॉल मीटिंग के दौरान पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा मार्क जुकरबर्ग से बातचीत करते हुए। 2021 में अमेरिकी संसद पर हमले के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम ने ट्रम्प के अकाउंट्स पर रोक



लगा दी थी। कंपनी को आशंका थी कि ट्रम्प की पोस्ट से हिंसा और बढ़ सकती है। इस फैसले से ट्रम्प नाराज हो गए। उन्होंने जुकरबर्ग पर अपने खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया और उन्हें उम्रकैद तक की धमकी दी।

दोनों के रिश्ते सुधरने की शुरूआत जुलाई 2024 में हुई। पेंसिल्वेनिया की एक चुनावी रैली में ट्रम्प पर जानलेवा हमला हुआ। इस घटना के बाद जुकरबर्ग ने कहा कि गोली लगने के बाद ट्रम्प का उठकर हाथ लहराना उनके जीवन में देखी गई सबसे शानदार चीजों में से एक था।

जुकरबर्ग की इस तारीफ के कुछ हफ्ते बाद ट्रम्प ने भी उनके प्रति नरम रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि अब वे जुकरबर्ग को पहले से ज्यादा पसंद करते हैं।

ट्रम्प के करीब आने के लिए क्या-क्या किया?

ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद जुकरबर्ग ने उनसे रिश्ते सुधारने के लिए कई कदम उठाए। ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए दानः मेटा ने 10 लाख डॉलर दिए। जुकरबर्ग को समारोह में दूसरे बड़े उद्योगपतियों के साथ प्रमुख जगह मिली। ट्रम्प के मुकदमे का समझौताः मेटा ने उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर रोक लगाए जाने से जुड़े मुकदमे को खत्म करने के लिए करीब 2.5 करोड़ डॉलर देने पर सहमति जताई।

ईरान के 19 जहाज श्रीलंका के पास फंसे, खाना-पानी और ईंधन की कमी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलंबो

श्रीलंका के तट के पास अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरान के 19 जहाज फंसे हुए हैं। इन जहाजों पर खाने-पीने के सामान, पानी और ईंधन की कमी हो गई है। इसके बावजूद श्रीलंका सरकार फिलहाल उनकी मदद करने से बच रही है। सरकार को डर है कि ईरानी जहाजों को सहायता देने से अमेरिकी प्रतिबंधों का जोखिम पैदा हो सकता है। श्रीलंका का कहना है कि वह किसी भी फैसले से पहले अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखेगा। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता थुषारा रोड्रिगो के मुताबिक, ये जहाज देश के तट से करीब 24 समुद्री मील दूर खड़े हैं। हालांकि, श्रीलंका को अमेरिका की ओर से अब तक कोई आधिकारिक चेतावनी नहीं मिली है कि ईरानी जहाजों की मदद करने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

16 साल पहले जहां 13 लोगों की जान ली, दोषी को वहीं गोली मारी जाएगी

अमेरिका में पहली बार टीवी पर सजा-ए-मौत लाइव प्रसारण होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टेक्सास

अमेरिका में पहली बार मौत की सजा को लाइव टीवी पर दिखाया जाएगा। पूर्व आर्मी मेजर निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा दी जाएगी। हसन ने 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 सैनिकों की मौत हो गई थी। अब 3 दिसंबर को यहीं हसन को गोली मारी जाएगी।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि इस सजा का लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा, ताकि आम लोग इसे देख सकें। इइउ के मुताबिक, 100 साल में यह अमेरिका में पहली सार्वजनिक तौर पर दी गई मौत की सजा होगी। 5 नवंबर 2009 को सेना के मनोचिकित्सक मेजर निदाल हसन निजी पिस्तौल लेकर फोर्ट हुड सैन्य अड्डे पहुंचा और सैनिकों व अन्य लोगों पर अचानक गोलीबारी कर दी। यह अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुई सबसे घातक सामूहिक गोलीबारी थी।



उस समय अमेरिका अफगानिस्तान और इराक में युद्ध लड़ रहा था। हसन ने बाद में कहा कि वह इन युद्धों को गैरकानूनी और अनैतिक मानता था और जिहाद के लिए हमला किया था। गोलीबारी में हसन भी घायल हुआ और कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गया। सैन्य अदालत में उसने हत्याओं की बात स्वीकार की। 2013 में उसे पहले से हत्या की योजना बनाने और हत्या की कोशिश के कुल 45 मामलों में दोषी ठहराया गया।

हसन ने हमले पर कोई पछतावा नहीं जताया। सैन्य मानसिक स्वास्थ्य पैनल के सामने उसने कहा कि वह चाहता था कि हमले में उसकी भी मौत हो जाती, ताकि वह शहीद बन सके। उसका यह तक कहा कि मौत की सजा मिलने पर भी वह खुद को शहीद मानेगा।

65 साल बाद सैनिक को मौत की सजा का पहला मामला

1961 के बाद अमेरिकी सैन्य न्याय व्यवस्था के तहत मौत की सजा पाने वाला निदाल हसन पहला व्यक्ति होगा। सैन्य व्यवस्था में आखिरी बार प्राइवेट जॉन ए. बेनेट को मौत की सजा दी गई थी।

हेगसेथ ने एक इंटरव्यू में कहा कि हसन को सैनिकों की एक टुकड़ी गोली मारकर मौत की सजा देगी। हेगसेथ ने कहा, द्यहम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोग इसे देख सकें और यह सार्वजनिक हो। लोगों को समझना चाहिए कि इस तरह के कामों के गंभीर नतीजे होते हैं। अमेरिकी सैन्य कानून के तहत किसी कैदी को मौत की सजा देने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी जरूरी है। इसके बाद भी कानूनी अपील के चलते सजा रुक सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2 अक्टूबर को हसन को गोली मारकर मौत की सजा देने की मंजूरी दी थी। हालांकि, हसन के पास दोषी ठहराए जाने और सजा के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। इससे सजा पर रोक लग सकती है।

पहले किन देशों में मौत की सजा का प्रसारण हुआ?

चीन- मार्च 2013 में सरकारी टीवी चैनल चार विदेशी ड्रग तस्करों को मौत की सजा दिए जाने से पहले के पलों का लाइव प्रसारण किया था। ये चारों 2011 में मेकांग नदी पर 13 चीनी नाविकों की हत्या के मामले में दोषी थे। हालांकि, उन्हें जहरीला इंजेक्शन दिए जाने का दृश्य प्रसारण में नहीं दिखाया गया था।

■ वर्ष-12 अंक-337 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

ज्ञातिभिर्वण्टयते नैव चोरेणापि न नीयते।
दाने नैव क्षयं याति विद्यारत्नं महाधनम्।।

भावार्थ : ज्ञान का रत्न (ज्ञान) एक महान धन है, जिसे विभाजित नहीं किया जा सकता है, जिसे चोर चोरी नहीं कर सकता, और जिसे देने से कम नहीं होता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 10 अक्टूबर, 2026

श्रियः प्रदुग्धे विपदो रुणद्धि यशांसि सूते मलिनं प्रमार्टि।।
संस्कारशौचेन परं पुनीते शुद्धा हि वुद्धिः किल कामधेनुः।।

भावार्थ : विद्या वास्तव में कामधेनु है, क्योंकि यह धन का पोषण करती है, विपत्ति (परेशानी) को रोकती है, प्रसिद्धि (प्रसिद्धि) लाती है, गंदगी (गरीबी) को धोती है, दूसरों को संस्कार रूप से पवित्र करती है।

सम्पादकीयम्

विविधता भारतस्य बलं

न्यूयोर्कनगरे मोहनभागवतस्य सम्बोधने भारतस्य बहुलपरम्परायाः सह-अस्तित्वस्य च आवश्यकतां रेखांकितम् अस्ति। बहुसंख्यकत्वस्य अर्थः परस्य अधिकारस्य अस्वीकारः न भवति। विविधता भारतस्य बलं, संवादः च लोकतन्त्रस्य आधारः। प्रवासिनः सम्मानं कृत्वा संवादस्य स्थानं निर्वाहयितुम्-असहमतस्य मध्ये अपि-अद्यतन-तनावपूर्णे वैश्विक-वातावरणे महत्त्वपूर्णम् अस्ति। यदि हिन्दुः मन्यते यत् मुसलमानाः भारते न भवेयुः तर्हि सः हिन्दुः नास्ति। न्यूयोर्कनगरे आरएसएसप्रमुखस्य मोहनभागवतस्य एतत् वक्तव्यं भारतस्य बहुधार्मिकसमाजस्य अन्तः सहजीवनस्य समानतायाः च आवश्यकतां प्रकाशयति। सः स्वसम्बोधने यत् एकता, मानवता च उक्तवान्, तत् वस्तुतः अद्यत्वे समग्रस्य जगतः आवश्यकता अस्ति। राष्ट्रस्य बलम्: तस्य कथनस्य एकः प्रमुखः अभिप्रायः अस्ति यत् बहुमतस्य भागः भवितुं अन्येषां अस्तित्वं नकारयितुं न भवति, न च संख्यात्मकबलस्य आधारेण अधिकाराः न्यूनाः भवन्ति वा विस्तारं कुर्वन्ति वा। देशे सवेषां समानं स्थानं वर्तते, संविधानेन च सवेषां समानाधिकारः प्रदत्तः अस्ति। विविधता भारतस्य महत्तमं लक्षणं जातम्। धर्मभाषायां जातिपरम्परासु च भेदाः दुर्बलता न अभवन्; अपितु ते देशस्य महत्तमं बलं इति उद्भूताः। भारतस्य कृते विविधतायां एकता केवलं नारा एव न अपितु जीवितः अनुभवः एव। एतत् अवश्यं रक्षितव्यं, सः एव सन्देशः भागवतः प्रसारितः। धार्मिकपरिचयस्य, परस्परसम्मानस्य, सामञ्जस्यस्य च विषये संघप्रमुखेन उद्धृताः बिन्दवः वर्तमानसन्दर्भे अत्यन्तं महत्त्वपूर्णाः सन्ति। विश्वे धार्मिकसांस्कृतिकपरिचयानां विषये तनावाः वर्धन्ते, विग्रहाः च चिरकालात् प्रचलन्ति।

प्रेमानन्दमहाराजस्य आश्रमं प्रति विराट् अनुष्का च आनयितुं कस्यचित्

5 कोटिरूप्यकाणि प्राप्तानि वा? वायरल् दावस्य पृष्ठतः किं सत्यम् अस्ति?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



भारतीयक्रिकेटक्रीडकः विराटकोहली तस्य पत्नी अनुष्काशर्मा च वृन्दावननगरस्य साधुप्रेमानन्दमहाराजस्य च सम्बन्धः अनेकवारं प्रकाशितः अस्ति। दम्पती महाराजेन सह मिलितुं आश्रमं गतवान् अस्ति तथा च तस्य सत्संग (आध्यात्मिकसमागम) अपि भागं गृहीतवान् अस्ति। अस्य मध्ये एकः दावाः सामाजिकमाध्यमेषु तीव्रगत्या प्रचलति यत् विराट् अनुष्का च प्रथमवारं आश्रमस्य भ्रमणस्य सुविधायै 5 कोटिरूप्यकाणि दत्तानि इति।

परन्तु अस्य दावस्य विषये अद्यावधि विश्वसनीयं आधिकारिकपुष्टिः न प्राप्ता। न विराट् कोहली, अनुष्का शर्मा वा अस्मिन् विषये वक्तव्यं प्रकाशितवन्तः, न च कथितस्य भुक्तिविषये किमपि सार्वजनिकसाक्ष्यं प्रस्तुतम्। अतः इदानीं कृते केवलं असत्यापितदावारूपेण एव गणयितुं शक्यते। 5 कोटिरूप्यकाणां विषये कः दावान् अकरोत् मीडिया-सञ्चारमाध्यमानां अनुसारं 'फलाहारी-महाराज' इति नाम्ना अपि प्रसिद्धेन दिनेश-शर्मा इत्यनेन एतत् वक्तव्यं कृतम्। सः श्रीकृष्णजन्मभूमिसङ्घर्षन्यासैः सह सम्बद्धः अस्ति। अस्य विषये उत्तरप्रदेशस्य मुख्यमन्त्रीं प्रति पत्रमपि लिखितवान् इति कथ्यते।

दावे आरोपः अस्ति यत् विराट् कोहली इत्यस्य प्रेमानन्दमहाराजस्य आश्रमे आनेतुं व्यावसायिकहितैः व्यक्तिभिः धनं प्रदत्तम्। अस्य सन्दर्भे सम्पत्तिनिमार्तृपक्षस्य, राजस्थाने स्थितायाः निजीकम्पन्योः च विषये उल्लेखः कृतः अस्ति। परन्तु एतेषां आरोपानाम् प्रमाणीकरणं कुर्वन्तः कोऽपि ठोसदस्तावेजः स्वतन्त्रः प्रमाणः वा सार्वजनिकः न कृतः।

२०२३ तमस्य वर्षस्य जनवरीमासे प्रथमवारं आश्रमस्य भ्रमणम् विराट् कोहली अनुष्का शर्मा च २०२३ जनवरीमासे प्रथमवारं प्रेमानन्दमहाराजेन सह मिलितुं वृन्दावनं गतवन्तौ। ततः परं दम्पती अन्येषु अपि अनेकेषु अवसरेषु महाराजस्य दर्शनं कुर्वन्तौ दृश्यते विराट्-अनुष्का-योः आश्रम-यात्रायाः विडियो-चित्रं च समये समये उपरि आगताः सन्ति। उभौ अपि सार्वजनिकरूपेण अध्यात्मस्य, सन्तस्य च प्रति आदरं प्रदर्शितवन्तौ।

वायरल दावानां सत्यापिततथ्यानां च भेदः सामाजिकमाध्यमेषु दावस्य तीव्रप्रसारस्य तात्पर्यं न भवति यत् सः तथ्यतः सिद्धः अभवत्। अस्मिन् अपि 5 कोटिरूप्यकाणां राशिः दत्ता इति दावस्य समर्थनार्थं स्वतन्त्रं सत्यापनम् उपलब्धं नास्ति। अतः तावत्पर्यन्तं प्रेमानन्दमहाराजस्य आश्रमस्य भ्रमणार्थं विराट् कोहली, अनुष्का शर्मा च भुक्तिं प्राप्तवन्तौ इति प्रतिपादनं पुष्टिकृततथ्यस्य अपेक्षया वायरल्, असत्यापितदावारूपेण द्रष्टव्यम्। यावत् भुक्तिविषये विश्वसनीयं प्रमाणं वा सम्बन्धितपक्षेभ्यः आधिकारिकपुष्टिः न उद्भवति तावत् दावस्य सत्यतायाः निश्चयः असम्भवः।

अनुशंसायाः आधारेण

विश्वविद्यालयः नियमविरुद्धं निर्णयं कर्तुं बाध्यः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

विकल्परूपेण न व्यवह्रियते। यद्यपि प्राध्यापकेन छात्राय एकं अंकं दातुं अनुशंसितम् आसीत् तथापि एतादृशस्य अनुशंसायाः आधारेण विश्वविद्यालयः नियमविरुद्धं निर्णयं कर्तुं बाध्यः न भवितुम् अर्हति स्म यद्यपि न्यायालयेन छात्रस्य दुर्दशा, ते केवलं एकेन अङ्केन न्यूनाः इति तथ्यं स्वीकृतवान् तथापि राहतं दातुं आवश्यकः कानूनी आधारः अनुपस्थितः आसीत् फलतः छात्रस्य पक्षतः प्रस्तुतं विशेषज्ञमतं न्यायिकराहतं प्राप्तुं अपर्याप्तं मन्यते स्म।

शैक्षणिकवर्षं रक्षितुं तर्कः अपि असफलः याचिकायां उत्थापितः एकः प्रमुखः आधारः आसीत् यत् यदि एकः अंकः न प्रदत्तः तर्हि छात्रस्य शैक्षणिकवर्षं खतरे भवितुम् अर्हति; एकस्य चिह्नस्य भेदः परिणामस्य विषये महत्त्वपूर्णः आसीत्। परन्तु उच्चन्यायालयेन ज्ञातं यत् केवलं शैक्षणिकवर्षस्य रक्षणस्य आधारेण नियमेषु न प्रदतं राहतं दातुं न शक्यते इति। विभागपीठिका स्पष्टीकृतवती यत् कोऽपि न्यायिकहस्तक्षेपः नियमेषु आधारितः भवितुमर्हति। यदि प्रासंगिकपरीक्षाव्यवस्थायां अनुग्रहाङ्कानां व्यवस्था न भवति तर्हि केवलं परिणामे सम्भाव्यप्रभावस्य आधारेण विश्वविद्यालयाय।

न्यायालयस्य समक्षं एकः निर्णायकः पक्षः अस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

विशेषप्रशिक्षणकाले केवलं सैद्धान्तिकविषयाणां पुनरागमनं पर्याप्तं न स्यात्; छात्राणां प्रयोगशालासु व्यावहारिकप्रशिक्षणं, चिकित्सालयेषु चिकित्साप्रशिक्षणं च अवश्यं करणीयम्। अतः न्यायालयस्य समक्षं एकः निर्णायकः पक्षः अस्य अतिरिक्तप्रशिक्षणस्य रूपरेखा अस्ति-विशेषतः, के छात्राः प्रशिक्षणं प्राप्नुयुः, कस्मिन् स्तरे च। शैक्षणिक अन्तरालस्य क्षतिपूर्तिस्य चुनौती यदि कश्चन छात्रः एकस्मात् संस्थातः अन्यस्मिन् संस्थायां स्थानान्तरितः भवति तर्हि केवलं नूतनं महाविद्यालयं प्रदातुं समस्यायाः पूर्णतया समाधानं न भवति। तेषां पाठ्यक्रमस्य स्थितिः, पूर्वमेव सम्पन्नं प्रशिक्षणं, यत् प्रशिक्षणं च त्यक्तम् इति मूल्याङ्कनं अत्यावश्यकम्।

राशिफल

मेष : आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आने वाला है। कुछ कामों में आप आसानी से सफल हो जाएंगे।

वृषभ : आज मानसिक शांति पाने पाने में मदद मिलेगी। संतुलित डाइट और एक्सरसाइज को शामिल करके अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

मिथुन : आप जो कुछ भी चाहते हैं उसे प्राप्त करना हमेशा संभव है, याद रखें। खर्च कम रखें। व्यापार अच्छा चलेगा।

कर्क : इसका मतलब यह नहीं कि आपके पास अपना समय नहीं होगा। हो सकता है कि आपके दोस्त सहयोगात्मक न हों।

सिंह : आप एक साथ गहरा कनेक्शन स्थापित कर सकें। आर्थिक रूप से, अपने भविष्य को सुरक्षित करने पर फोकस करें।

कन्या : आज के दिन खुद पर ध्यान दें। लाइफ में बैलेंस बनाकर रखना जरूरी है। प्यार में शांत रहें। काम पर टीमवर्क पर ध्यान दें।

तुला : करियर और निजी जीवन को एक साथ संतुलित करने का प्रयास करें। व्यवसायी लोग अपना कार्यक्षेत्र बदलना चाह रहे होंगे।

वृश्चिक : आप किसी ऐसे रिस्क की ओर बढ़ सकते हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति को नुकसान दे सकता है।

धनु : आपको अपने रिश्ते में रोमांस बनाए रखने की जरूरत है। काम में सहयोग और बातचीत की आवश्यकता होती है।

मकर : आज छोटी बचत से शुरूआत करें और पता करें कि क्या आप अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति को मैनेज करने में सक्षम हैं?

कुंभ : आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी लेकिन सेविंग्स जरूर करें। आप जीवन में खुश और संतुष्ट रहें।

मीन : आज के दिन आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। सेहत पर ध्यान दें। रोमांटिक रिश्तों में धैर्य की आवश्यकता हो सकती है।

इंडिया के खिलाफ सबसे बड़ा टी-20 रनचेज, सिर्फ दूसरी बार मैच में 500+ रन बने

भारत एक साल में 300 छक्के लगाने वाली पहली टीम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची



वेस्टइंडीज ने रांची में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में भारत को 6 विकेट से हरा दिया। टीम ने 250 रन का टारगेट 18.3 ओवर में हासिल कर लिया। यह भारत के खिलाफ टी-20 में सबसे बड़ा रनचेज भी है। भारत ने पहली पारी में 13 छक्के लगाए। इसके साथ ही टीम एक साल में 300 छक्के लगाने वाली पहली फुल मेंबर टीम बन गई। मैच में कुल 501 रन बने। यह सिर्फ दूसरी बार है, जब किसी टी-20 मैच में 500+ रन बने हैं।

भारत ने इस साल 311 छक्के लगाए- भारत ने 2026 के टी-20 इंटरनेशनल में 311 छक्के लगाए। पहली बार किसी फुल मेंबर यानी टेस्ट खेलने वाली टीम ने एक साल में 300 छक्के लगाए। इससे पहले भारत ने ही 2022 में 289 छक्के लगाए थे।

टी-20 में भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रनचेज- वेस्टइंडीज ने रांची में भारत के खिलाफ टी-20 का सबसे बड़ा रनचेज किया। इससे पहले भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 223 रन का टारगेट चेज किया था। ओवरऑल टी-20 इंटरनेशनल में यह दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। साउथ अफ्रीका पहले नंबर स्थान पर है, जिसने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 259 रन का टारगेट हासिल किया था।

दूसरी बार टी-20 इंटरनेशनल में 500 रन बने- रांची में 501 रन बने। यह मेंस टी-20 इंटरनेशनल का दूसरा मैच है, जब दोनों पारियों में मिलाकर 500 रन बने हो। पहले स्थान पर साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज का मैच है। 2009 में सेंचुरियन में खेले गए इस मुकाबले में 517 रन बने थे।

रांची में 79 बाउंड्री लगे- भारत और वेस्टइंडीज के बीच रांची में कुल 79 बाउंड्री लगीं। इनमें 46 चौके और 33 छक्के शामिल थे। मेंस टी-20 इंटरनेशनल के एक मैच में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने का रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के नाम है। 2023 के इस मुकाबले में 81 बाउंड्री लगी थीं।

शाई होप वेस्टइंडीज के दूसरे फास्टेस्ट टी-20 सेंचुरियन- होप ने रांची में 45 गेंद पर शतक पूरा किया। वे वेस्टइंडीज के लिए सबसे तेज टी-20 इंटरनेशनल शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। पहले स्थान पर 39 गेंद के साथ जॉनसन चार्ल्स हैं।

होप टी-20 में 2 शतक लगाने वाले तीसरे वेस्टइंडीज बल्लेबाज- होप ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना दूसरा शतक लगाया। वे वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा टी-20 शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने। इससे पहले क्रिस गेल और एविन लुईस यह कारनामा कर चुके हैं।

होप ने 15वीं बार टी-20 में 50+ स्कोर किया- होप ने टी-20 इंटरनेशनल में 15वीं बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए। वे इस मामले में एविन लुईस के साथ दूसरे नंबर पर हैं। क्रिस गेल 16 फिफ्टी-प्लस स्कोर के साथ पहले स्थान पर हैं।

तिलक ने 19वें ओवर में लगातार 3 छक्के लगाए- तिलक वर्मा ने पारी के आखिरी ओवर में शमर स्प्रिंगर की गेंद पर लगातार 3 छक्के जड़े। उन्होंने पहली गेंद पर लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से छक्का लगाया। दूसरी गेंद को भी इसी दिशा में बाउंड्री के पार पहुंचाया। फिर तीसरी गेंद पर पुल शॉट खेलकर डीप मिडविकेट के ऊपर से छक्का जड़ा।

मयंक यादव ने लगातार 2 गेंद पर विकेट लिए- मयंक यादव ने पारी के पहले ही ओवर में लगातार दो गेंद पर विकेट लिए। ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने कामिल पूरन को शॉर्ट बॉल पर रवि बिश्नोई के हाथों कैच आउट कराया।

पूरन ने 6 रन पर सैमसन का कैच छोड़ा- 6 रन बनाकर खेल रहे संजू सैमसन का तीसरे ही ओवर में कैच छूटा। अकील हुसैन की दूसरी गेंद पर संजू सैमसन ने शॉट खेला। गेंद कवर पर खड़े निकोलस पूरन के बाईं ओर गई। पूरन ने दोनों हाथों से कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथों में टिक नहीं सकी। उन्होंने 2 बार गेंद पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ से छिटक गई।

रोमारियो शेफर्ड ओवर पूरा किए बिना ग्राउंड से बाहर गए- 17वें ओवर के दौरान रोमारियो शेफर्ड को परेशानी हुई और वे मैदान छोड़कर चले गए। हालांकि, उनकी परेशानी की वजह स्पष्ट नहीं हुई। इसके बाद रोवमन पॉवेल ने ओवर पूरा किया। वहीं कीमो पॉल सब्स्टीट्यूट फील्डर के तौर पर मैदान पर उतरे। हालांकि दूसरी पारी में शेफर्ड बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने 13 गेंद पर नाबाद 34 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 6 विकेट गिरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डबरन

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन मैच पर पकड़ बना ली। डरबन के किंग्समीड मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 187 रन बनाए। शुक्रवार को मैट रेनशॉ 46 रन बनाकर नाबाद हैं। कप्तान पैट कमिंस 33 रन पर उनका साथ दे रहे हैं। साउथ अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन, वियान मुल्डर और एनरिक नॉर्त्या ने 2-2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेशन में 3 विकेट गंवाए। ट्रैविस हेड 19 गेंदों पर 9 रन बनाकर आउट हुए। वियान मुल्डर की गेंद लेग स्टंप के बाहर से बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर काइल वेरेने के दस्तानों में गई। अंपायर ने पहले उन्हें नॉटआउट दिया, लेकिन साउथ अफ्रीका के रिव्यू लेने पर फैसला बदल गया। इसके बाद निक मैडिनसन भी खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। वह 33 गेंदों तक कोई रन नहीं बना सके। मार्को यानसन की गेंद पर बल्ले का अंदरूनी किनारा लगा और वह आउट हो गए।

ज्योतिष/वास्तु

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन

वैधृति योग का संयोग, इन तीन राशि वालों को रहना होगा अलर्ट



शारदीय नवरात्रि के पहले दिन 11 अक्टूबर 2026 को वैधृति योग बनेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस योग का प्रभाव कुछ राशि वालों के लिए चुनौतीपूर्ण रह सकता है। जातकों को काम को लेकर कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती है

ज्योतिष शास्त्र में सभी योगों का जिक्र किया गया है, जिनका व्यक्ति के जीवन पर शुभ और अशुभ प्रभाव पड़ता है। इन्हीं में से एक वैधृति योग है, जिसे ज्योतिष में अशुभ योगों में गिना जाता है। मान्यता है कि, इस योग के प्रभाव से कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं और कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस बार शारदीय नवरात्रि के दौरान वैधृति योग का संयोग बनने जा रहा है। बता दें कि, शारदीय नवरात्रि के पहले दिन 11 अक्टूबर 2026 को वैधृति योग बनेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस योग का प्रभाव कुछ राशि वालों के लिए चुनौतीपूर्ण रह सकता है। इस दौरान कामकाज में रुकावटें आने के साथ कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में इन राशि वालों को इस अवधि में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी, आइए जानते हैं।

मिथुन राशि- वैधृति योग के प्रभाव से मिथुन राशि वालों के बनते हुए काम अटक सकते हैं। किसी निवेश को करना आपके लिए परेशानियों को बुलावा देना जैसा साबित होगा। घर और बाहर दोनों जगह समस्याएं झेलनी पड़ सकती हैं। किसी भी काम को जल्दबाजी में करने से बचें। कानूनी मामलों में विशेष सतर्कता जरूरी है। अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाते समय हर पहलू पर अच्छी तरह विचार करें। लगातार काम करने के बजाय बीच-बीच में आराम के लिए समय निकालें। लकी राशियां: शुक्रादित्य योग बदलेगा इन 3 राशि वालों के दिन, बंपर लाभ से लेकर विदेश यात्रा के योग

कन्या राशि- कन्या राशि वालों को इस दौरान अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। कामकाज की व्यस्तता के चलते अपनी दिनचर्या और खान-पान को नजरअंदाज न करें। व्यापार में कोई बनता हुआ काम अटक सकता है, जिससे मन दुखी रहेगी। महत्वपूर्ण फैसले सोच-समझकर लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी भी तरह के जोखिम भरे फैसले लेने से बचने की कोशिश करें। स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी परेशानी को हल्के में न लें और जरूरत पड़ने पर तुरंत उचित सलाह लें। पारिवारिक माहौल में भी छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव बढ़ सकता है।

मकर राशि- मकर राशि वालों के लिए यह समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी भी काम को जल्दबाजी में करने से बचें और जरूरी फैसले पूरी समझदारी के साथ लें। कोई अशुभ खबर आपको सुनने को मिल सकती है। व्यापार में दबाव बढ़ सकता है और सहकर्मियों के साथ तालमेल बिगड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ बातचीत करते समय भी संयम बरतना आपके लिए बेहतर रहेगा। पैसों के लेन-देन से जुड़े मामलों में विशेष सतर्कता बरतें और बिना पूरी जानकारी के कोई बड़ा फैसला न लें।

बॉक्सर मैरी कॉम के खिलाफ मानहानि की शिकायत

पूर्व पति ने टीवी इंटरव्यू में छवि खराब करने का आरोप लगाया, 19 नवंबर को सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



ओलंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर मैरी कॉम के खिलाफ उनके पूर्व पति करोंग ओंखोलेर (ऑनलर) ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि मैरी कॉम ने एक टीवी इंटरव्यू में उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने वाली टिप्पणियां कीं।

इसकी शिकायत 6 अक्टूबर को दिल्ली की साकेत कोर्ट में दर्ज की गई। मामला ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास शिवम गुप्ता की अदालत में प्री-समनिंग एविडेंस के चरण में है। कोर्ट 19 नवंबर को इस पर सुनवाई करेगी। शिकायत के मुताबिक, 11 जनवरी 2026 को प्रसारित इंटरव्यू देशभर में लाखों दर्शकों तक पहुंचा था। ऑनलर का दावा है कि मैरीकॉम की टिप्पणियों से उनकी छवि बेईमान, बेवफा और शराबी व्यक्ति के रूप में पेश हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इंटरव्यू में उनके बारे में यह धारणा बनाई गई कि उन्होंने मैरीकॉम के बैंक खातों से पैसे का गलत इस्तेमाल किया। साथ ही बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारियां छोड़ दीं।

कहा- मैरी कॉम के लिए अपना करियर छोड़ा- ओंखोलेर ने कहा कि मैरी कॉम के बॉक्सिंग करियर को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने अपनी पेशेवर महत्वाकांक्षाओं को पीछे रखा था। उनका दावा है कि मैरी कॉम बॉक्सिंग एकेडमी की नींव रखने में भी उनकी भूमिका रही। हालांकि इसके बाद उन्हें यूज एंड थ्रो की तरह बाहर कर दिया गया। बच्चों की परवरिश को लेकर ऑनलर ने कहा कि भले ही मैरी कॉम उनकी पढ़ाई का खर्च उठा रही हों, लेकिन बच्चों की परवरिश में उनकी भी बराबर की भूमिका रही है। उन्होंने शराब पीने से जुड़े आरोपों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बताया।

2005 में हुई थी शादी, 2023 में अलग हुए

शिकायत के मुताबिक, मैरी कॉम और करोंग ओंखोलेर की शादी 12 मार्च 2005 को हुई थी। दोनों फरीदाबाद में साथ रहते थे। ओंखोलेर ने बताया कि 20 दिसंबर 2023 को पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत उनकी शादी खत्म हो गई थी। मामले में फिलहाल अदालत का फैसला नहीं आया है। 19 नवंबर को होने वाली सुनवाई में शिकायतकर्ता की ओर से पेश किए जाने वाले शुरूआती सबूतों पर आगे की कार्यवाही होगी। मैरी कॉम ने एक ऐश शो में खुलासा किया कि उन्होंने 2023 में अलग होने का फैसला इसलिए लिया था। क्योंकि, ऑनलर ने उनके बॉक्सिंग करियर से कमाई गई रकम में धोखाधड़ी की। मैरी का आरोप है कि ऑनलर ने उनकी जानकारी के बिना उनके नाम पर लोन लिया, संपत्ति गिरवी रखी और कुछ एसेट्स अपने नाम ट्रांसफर कर लिए थे। उन्हें लंबे समय तक अपनी आर्थिक स्थिति की जानकारी नहीं थी।

खबर एक नजर...

वाल्मिकीनगर में गोली चलाने वाले बदमाशों को भेजा जेल

उज्जैन। पुराने विवाद में 7 अक्टूबर की रात खरे परिवार के घर पर गोली चलाने वाले 2 बदमाशों सचिन उर्फ आयुष पिता मोहनलाल निवासी जानकीनगर और साहिल पिता संतोष निवासी अशोक नगर को माधवनगर पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से घटना में प्रयुक्त पिस्टल के साथ चाकू बरामद किया गया था और वाल्मिकी नगर में जुलूस भी निकाला था। दोनों के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज होने पर शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार सचिन के खिलाफ 5 और साहिल के खिलाफ 8 अपराधिक प्रकरण पूर्व में भी दर्ज थे।

भान बडोदिया सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

उज्जैन। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवनखेड़ी और भान बडोदिया के बीच गुरूवार सुबह हुई बाइक और बस की भिड़ंत में मौके पर मांगीलाल पिता देवीलाल 60 साल और मनोहर पिता सुखराम 60 साल की मौत हो गई थी। उनका बाइक सवार साथी शंकर पिता पन्नालाल 55 साल घायल हुआ था। जिसकी हालत नाजुक होने पर शासकीय चरक अस्पताल से उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया था। जहां गुरूवार-शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलिस द्वारा सुबह उसका पोस्टमार्टम कराया गया। विदित हो कि दुर्घटना के बाद मौके पर हुई 2 लोगों की मौके बाद घट्टिया थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था। तीनों मृतक ग्राम बिसनखेड़ी तराना के रहने वाले थे और एक बाइक पर सवार होकर उज्जैन आ रहे थे। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से आनंद ट्रेवल्स की बस को जप्त कर लिया गया था। चालक की तलाश जारी है।

दो साल बाद पैसे मांगे तो युवक पर किया हमला

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के अमननगर में रहने वाले आकाश पिता छकोडीलाल 29 साल पर शुक्रवार सुबह क्षेत्र में रहने वाले योगेश ने अपने पिता शिवनारायण और परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर हमला कर दिया। आकाश घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि आकाश फल का कारोबार करता है। उसने 2 साल पहले योगेश को फल व्यापार करने के लिये 7 हजार 500 रुपए उधार दिये थे। योगेश पैसे नहीं लौटा रहा था। सुबह आकाश घर से फल मंडी जा रहा था उसी दौरान योगेश उसे घर के बाहर खड़ा दिखाई दिया। उसने पुराने पैसे देने के लिये कहा तो उसने परिवार के साथ मिलकर कुल्हाड़ी, पत्थर और डंडे से हमला कर दिया। चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

सिद्धवट पर दूध चढ़ाने आ रहा युवक दुर्घटना में घायल

उज्जैन। नागदा के ग्राम रूपेटा में रहने वाला प्रकाश पिता काशीराम परमार बाइक से उज्जैन सिद्धवट मंदिर दूध अर्पित करने आ रहा था। रास्ते में चकरावदा के समीप उसे पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल होने पर उसे टोल एम्बुलेंस उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। परिजन प्रकाश के घायल होने की जानकारी मिलने पर उज्जैन पहुंच गये थे। गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से शहर और आसपास के मार्गो पर लगातार सड़क दुर्घटना के मामले सामने आ रहे है। सबसे अधिक दुर्घटना कार से होना सामने आ रही है। जिनकी रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

जहरीला पदार्थ खाने वाले वृद्ध की हुई मौत

उज्जैन। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम रेहवारी खजूरिया के रहने वाले 55 वर्षीय घनश्याम पिता भागीरथ पाटीदार ने 8 अक्टूबर को जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में शुक्रवार दोपहर घनश्याम की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और जांच के लिये डायरी नरवर थाना पुलिस को सौंपने की बात कहीं है। फिलहाल वृद्ध के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आ पाया है।

नाबालिग से गैंगरेप मामले में अब तक 8 गिरफ्तार

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा मार्ग पर रहने वाली 16 साल की किशोरी 26 सितंबर को लापता हो गई थी। 2 दिन मिलने पर उसके साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। पुलिस ने बयान दर्ज कर जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले 2 नाबालिगों के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में 5 साथियों की जानकारी सामने आई थी। जिनकी गिरफ्तारी के लगतार प्रयास किये जा रहे थे। 2 दिन पहले 4 युवकों ओर गिरफ्तारी कर ली थी। वहीं शुक्रवार को गैंगरेप में शामिल 8 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसआई प्रीति चौहान ने बताया कि नाबालिग अपने हमउम्र साथी से मिलने गई थी, जिसके बाद लापता हुई थी। गैंगरेप में उसका हमउम्र साथी भी शामिल था, शेष आरोपी उसके दोस्त सामने आये है।

दिन	490-3	270-9
मेन बाजार	368-7	466-6
मिलन डे	690-5	660-2
मिलन नाइट	580-3	770-4

1 5 7

महाराष्ट्र-राजस्थान में कम बारिश से मध्यप्रदेश की उपज की मांग बढ़ी, आगर रोड मंडी में बंपर आवक

सोयाबीन के भाव 6500 रुपये क्विंटल तक पहुंचे, किसानों के चेहरे खिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में इन दिनों सोयाबीन की बंपर आवक हो रही है। बाजार में सोयाबीन के अच्छे दाम मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार किसानों को अपनी उपज के 6100 से 6500 रुपये प्रति क्विंटल तक भाव मिल रहे हैं। बेहतर बाजार भाव के चलते किसान उत्साह के साथ मंडी पहुंच रहे हैं और अपनी उपज का विक्रय कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र और राजस्थान में कम बारिश के कारण सोयाबीन की फसल प्रभावित होने से मध्यप्रदेश में उत्पादित सोयाबीन की मांग दूसरे राज्यों में बढ़ी है। इसका असर बाजार पर दिखाई दे रहा है। मांग बढ़ने से सोयाबीन के भाव को समर्थन मिल रहा है और किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

मंडी में बढ़ी आवक व्यवस्थाओं का निरीक्षण

आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की लगातार बढ़ रही आवक को देखते हुए मंडी प्रशासन भी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए है। मंडी सचिव राजेश गोयल ने मंडी का निरीक्षण कर नीलामी व्यवस्था और उपज की खरीदी-बिक्री की स्थिति का जायजा लिया। अधिक आवक के दौरान किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर ध्यान दिया जा रहा है।



खुले बाजार में बेच रहे किसान

- वर्तमान में बाजार में सोयाबीन के अच्छे भाव मिलने से किसान खुले बाजार में ही अपनी उपज बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं। बेहतर कीमत मिलने के कारण उन्हें अपनी फसल के उचित मूल्य की उम्मीद है। वहीं, मंडी प्रशासन ने बाजार भाव में गिरावट आने या योजना की जरूरत पड़ने की स्थिति को देखते हुए भावांतर योजना के क्रियान्वयन के लिए भी तैयारी रखी है।
- सोयाबीन के अच्छे दाम किसानों के लिए राहत लेकर आए हैं। हालांकि, बाजार में आगे भाव किस स्तर पर बने रहते हैं, यह मांग, आपूर्ति और फसल की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। फिलहाल उज्जैन मंडी में मिल रहे बेहतर भाव से सोयाबीन उत्पादक किसानों में उत्साह का माहौल है।

बागरी समुदाय के बदमाशों से खुला 6 चोरियों का राज

खेतों से मोटर-ट्रांसफार्मर से ऑयल करते थे चोरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिछले कुछ दिनों के दौरान नागदा में हुई चोरी की तीन वारदातों में शामिल बागरी समुदाय गिरोह के पांच बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में लिया तो उनसे 6 चोरी की वारदातों का खुलासा हो गया। बदमाशों को रिमांड पर लेकर 9 लाख से अधिक का सामान बरामद किया गया है।

नागदा थाना निरीक्षक अमृतलाल गवरी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में चोरी के तीन मामले सामने आये थे। जिसमें एक खेत से पानी मोटर, तांबे की केबल, ट्रांसफार्मर से ऑयल और एक दुकान से किराना सामान चोरी हुआ था। कुछ दिनों के अंतराल में हुई तीनों चोरी के मामले में बदमाशों का सुराग तलाशने के लिये टीम गठित की गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने के साथ मुखबीर तंत्र को अलर्ट कर सायबर टीम की मदद ली गई। सुराग



मिलते ही बागरी समुदाय के पांच बदमाशों जितेन्द्र पिता अशोक 22 वर्ष ग्राम रोहल खुर्द, नवल सिंह उर्फ भोला पिता भंवर 24 वर्ष निवासी ग्राम भाडला, कन्हैया उर्फ कान्हा पिता समर्थ 24 वर्ष निवासी ग्राम रोहल खुर्द, करण पिता सेवाराम 35 वर्ष निवासी झांझाखेड़ी और दीपक पिता नरसिंग्र 27 वर्ष, निवासी झांझाखेड़ी, नागदा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान सभी ने तीनों चोरी की वारदात करना कबूल कर लिया। आरोपियों से तीनों चोरी का माल बरामद कर अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ शुरू की गई तो पूर्व में की गई 3 चोरी की वारदातों का ओर सुराग मिल गया। पांचों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया और पूर्व में की गई चोरियों का सामान भी बरामद कर लिया गया। बागरी समुदाय के बदमाश गिरोह से 9 लाख 64 हजार का सामान 2 पानी की मोटर, ट्रांसफार्मर से चुराया ऑयल, किराना सामान के साथ चोरी में प्रयुक्त कार के साथ ट्रेक्टर जप्त किया गया है। शुक्रवार को रिमांड अवधि समाप्त होने पर सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

कार से निकलते, ट्रेक्टर में भरते सामान

लगातार चोरी की वारदात करने वाले बागरी गिरोह ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चोरी के लिये कार के साथ ट्रेक्टर लेकर निकलते थे। पहले सूनसान खेत देखते थे फिर चोरी के बाद ट्रेक्टर में सामान रखकर निकल जाते थे। ट्रेक्टर में पानी की मोटर, ऑयल की केन रखी होने पर कोई शंका नहीं करता था। रास्ते में सूनसान क्षेत्र में दुकान देखकर वहां भी चोरी को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार बदमाशों से बाइक चोरी का भी खुलासा हुआ है।

गिरफ्त में बालिका को धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बालिका को फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। मामला महिदपुर थाना क्षेत्र का है। 16 वर्षीय बालिका के साथ सालभर पहले शुभम पिता जालमसिंह चौहान निवासी ग्राम चितावद द्वारा दुष्कर्म किया था और धमकाया था। कुछ दिन पहले फिर से बालिका को अकेला पाकर युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया, बालिका ने विरोध किया तो फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। बालिका उसकी हरकतों से डर गई और बदनामी के डर से चूहामार दवा खा ली। हालत बिगडने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। बालिका के जहर खाने की खबर मिलने पर पुलिस पूछताछ करने पहुंची तो उसने शुभम की हरकतों का खुलासा किया। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मामला संगीन होने पर महिला अधिकारी ने बयान दर्ज किये और आरोपी के खिलाफ धारा 78(2), 64 (2) एम, 3(5) बीएनएस 5 एल/ 6 पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। गुरूवार रात आरोपी को उसके गांव में दबिश देकर पकड़ा गया। जिसे शुक्रवार को जेल भेजा गया है। पूरे प्रकरण में विवेचना और आरोपी की गिरफ्तारी में एसआई एन. एस. कनेश, योगिता उपाध्याय (नागदा), आरक्षक राघव, समरथ पाटीदार, दीपिका परिहार का सहयोग रहा।

अमावस्या की तैयारियों का एसपी ने किया निरीक्षण



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आज सर्वपितृ अमावस्या पर मोक्षदायिनी क्षिप्रा के घाटों पर आस्था का नहान होगा। शनि मंदिर से रामघाट तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेगें। जिसको लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा-व्यवस्था की तैयारियां की है। देर शाम एसपी प्रदीप शर्मा ने शनि मंदिर त्रिवेणी घाट पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश जारी किये। श्रद्धालुओं का देर शाम से धार्मिक नगरी में पहुंचना शुरू हो गया था। रात 12 बजे बाद आस्था की डूबकी लगना भी शुरू हो गई थी।

दोपहर उपरांत अंचल से पहुंचने लगे थे बड़ी संख्या में शहर श्रद्धालु

देर रात से त्रिवेणी पर ख्याता, शिप्रा, गंडकी के संगम पर स्नान

त्रिवेणी बैराज में नर्मदा का भरपूर जल, फव्वारे लगे, प्रशासन एवं निगम ने जुटाई व्यवस्थाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

त्रिसंयोग में शनिवार को शनिश्चरी अमावस्या का त्रिवेणी पर श्रद्धालु स्नान होगा। त्रिवेणी पर बाहर से आए श्रद्धालुओं ने देर रात से ही यहां स्नान का क्रम शुरू कर दिया। त्रिवेणी पर ख्याता (कान्ह), शिप्रा एवं गंडकी नदी के संगम पर श्रद्धालुओं का स्नान की परंपरा है। स्नान का क्रम शनिवार को दोपहर उपरांत तक जारी रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु त्रिवेणी स्थित नव ग्रह शनि मंदिर पर दर्शन पूजन भी करेंगे।

त्रिवेणी स्थित मंदिर के पुजारी जितेन्द्र बैरागी के अनुसार त्रिवेणी पर तीन नदियों का संगम की मान्यता है और उसी के जल में स्नान की परंपरा है। यहां ख्याता (कान्ह), शिप्रा एवं गंडकी नदी का संगम है। गंडकी नदी गुप्त है। कान्ह को शास्त्रोक्त ख्याता कहा जाता है। त्रिवेणी संगम पर स्नान का शास्त्रोक्त महत्व है। ऐसे में शनिश्चरी अमावस्या का स्नान शुक्रवार रात 12 बजे बाद से शुरू होता है। इसके उपरांत यह स्नान शनिवार को दोपहर उपरांत तक जारी रहेगा। श्रद्धालु स्नान के उपरांत मान्यता अनुसार अपने पुराने वस्त्र एवं जूते-चप्पल यहां त्यागते हैं। भगवान शनि देव का दर्शन कर उन्हें तेल, श्री फल अर्पित कर पूजन अर्चन करते हैं। इसी के साथ नवग्रह के दर्शन किए जाते हैं।

महापौर ने देखी व्यवस्था- महापौर मुकेश टटवाल ने शुक्रवार को शनि मंदिर घाट पहुंचकर निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा श्रद्धालुओं के लिए स्नान हेतु शुद्ध जल एवं फव्वारों की व्यवस्था, वस्त्र बदलने के लिए पृथक प्रथक चेंजिंग रूम, पेयजल, संकेतक बोर्ड, नियंत्रण कक्ष तथा घाट परिसर में साफ-सफाई सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर घाट के साथ-साथ शहर के अन्य प्रमुख घाटों पर भी अमावस्या पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं के स्नान एवं आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही सभी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

अधिकारियों ने लिया जायजा- शनिचरी अमावस्या स्नान को लेकर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा शुक्रवार को अधिकारियों के दल को लेकर घाट पर पहुंचे थे। उन्होंने त्रिवेणी संगम घाट का विशेष निरीक्षण किया। निरीक्षण में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए घाट परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।

उज्जैन-बड़नगर मार्ग पर आयशर-कार की भिड़ंत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर-उज्जैन मार्ग पर शुक्रवार रात आयशर-कार की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद आयशर पलटने से मार्ग पर जाम के हालत बन गये। घटना में किसी को चोंट नहीं आई, आयशर चालक की गलती होने पर पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

चिंतमाण थाना पुलिस ने बताया कि शाम 7.30 बजे के उज्जैन-बड़नगर मार्ग गंभीर नदी पुलिया से पहले नलवा में कार और आयशर के बीच भिड़ंत हो गई थी। आयशर चालक मोबाइल पर बात करते हुये ड्रायविंग कर रहा था। जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और आयशर पलट गई। उसमें तेल के डिब्बे भरे थे जो सड़क पर बिखर गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंच गई थी। जांच के दौरान सामने आया कि कार में अमन मालवीय निवासी ग्राम कोलूखेड़ी और उसके साथी सवार थे जो अपने गांव लौट रहे थे। आयशर उज्जैन की ओर आ रही थी जिसका चालक भाग निकला था। कार क्षतिग्रस्त होने पर चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। दुर्घटना में कोई जनहानि होना सामने नहीं आया है, लेकिन कुछ देर के लिये उज्जैन-बड़नगर मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई थी। तेल के डिब्बे सड़क पर बिखर गये थे। जिसकी सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात की गई थी। चालक के सामने आने पर पता चलेगा कि आयशर कहां से आ रही थी और कहां जा रही थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में रातभर चली पुलिस की कॉम्बिंग गश्त

जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्रों में अपराधियों की धरपकड़ और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। गुरूवार-शुक्रवार की रात की गई गश्त में 73 स्थायी और 86 गिरफ्तारी वारंट की तामील की। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर 2 दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की जा रही है। बुधवार-गुरूवार रात तराना अनुभाग के 3 थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया था। वहीं गुरूवार-शुक्रवार रात पुलिस ने जिले के सभी ग्रामीण थाना क्षेत्रों में एक साथ काम्बिंग गश्त की। इस दौरान 35 बदमाशों, 70 गुंडों और तीन चिन्हित अपराधियों की चेकिंग की। 18 असामाजिक तत्वों के खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से करीब 100 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई भी की गई। वहीं 159 स्थायी और गिरफ्तार वारंट की तामिली कराई गई। पुलिस के अनुसार कॉम्बिंग गश्त का उद्देश्य फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगरानी और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में अपराधों की रोकथाम और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

महिदपुर स्टैंडर्ड शूज शॉप में लगी आग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महिदपुर में शुक्रवार सुबह स्टैंडर्ड शूज शॉप में आग लग गई। आग पर काबू पाया जाता उससे पहले 20 लाख से अधिक का नुकसान हो चुका था। आगजनी की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची थी। महिदपुर तहसील के गांधी मार्ग पर स्टैंडर्ड शूज के नाम से शफीक खान द्वारा दुकान का संचालन किया जाता है। शुक्रवार सुबह अचानक दुकान के मीटर में शार्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। कुछ देर में पूरी दुकान आग से घिर गई थी। आगजनी की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की 2 गाड़ी मौके पर पहुंची और फायर फायटरों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि दुकान में लगी आग के बाद आसपास के दुकानदार भी मौके पर पहुंच गये थे। उन्हे डर था कि शूज शॉप की आग उनकी दुकानों तक नहीं पहुंच जाये। आगजनी में दुकानदार द्वारा 20 लाख का नुकसान होने की बात कहीं। वहीं पुलिस के अनुसार आगजनी की शिकायत करने पर बिजली विभाग के माध्यम से जांच कराई जायेगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com